e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 18
बुधवार
18.01.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जब लक्ष्यों को पाना मुश्किल हो तो लक्ष्यों को न बदले, बल्कि अपने प्रयासों में बदलाव करे।

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पीटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### जेके : बडगाम में दो आतंकवादी मारे गए

**बडगाम (जम्मू-कश्मीर):** बडगाम जिले में अदालत परिसर के पास मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह मुठभेड़ मंगलवार सुबह शुरू हुई। सुरक्षाबलों ने इन आतंकियों के पास से हथियार और गोला बारूद बरामद किया है। फिलहाल इलाके की तलाशी ली जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अदालत परिसर के पास विश्वसनीय सूचना पर सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने नाका लगाया। नाके के दौरान सुरक्षाबलों ने एक संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की। यह देखकर वाहन के भीतर से आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी ढेर हो गए। मारे गए दोनों आतंकियों की पहचान अरबाज मीर और शाहिद शेख के रूप में हुई है।

### कोवोवैक्स को हेटेरोलॉगस बूस्टर खुराक के रूप में मिली मंजूरी

**नई दिल्ली :** भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने कोरोना टीका कोवोवैक्स को वयस्कों के लिए हेटेरोलॉगस बूस्टर खुराक के रूप में मंजूरी दे दी है। अब जिन लोगों ने कोविशील्ड या कोवैक्सीन की दो खुराक ली है, वे कोवोवैक्स बूस्टर डोज के रूप में ले सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्र ने बताया कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने कोवोवैक्स के लिए हाल ही में डीसीजीआई को पत्र लिखकर कुछ देशों में कोरोना महामारी की बढ़ते मामलों के मद्देनजर 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए कोवोवैक्स हेटरोलॉगस बूस्टर खुराक की मंजूरी मांगी थी। इस संबंध में गत बुधवार को सीडीएससीओ की विषय विशेषज्ञ समिति ने विचार-विमर्श किया और उन वयस्कों के लिए हेटेरोलॉगस बूस्टर खुराक के रूप में कोविड वैक्सीन कोवोवैक्स को बाजार में अनुमति देने की सिफारिश की थी, जिन्हें कोविशील्ड या कोवैक्सीन की दो खुराक दी गई हैं।

### 23-25 जनवरी को तेज बारिश के साथ पड़ेगा ओला

**नई दिल्ली :** मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान व झारखंड में बारिश के साथ ओला की आशंका जताई है। इस बीच, तेज हवाएं चलने और ओले पड़ने के आसार हैं। इसके चलते एक बार फिर से ठंड से लोग परेशान हो सकते है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश सहित उक्त राज्यों में 23, 24 और 25 जनवरी को तेज हवा चलने और बारिश के आसार हैं। 23 जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जगहों पर बिजली चमकने के साथ-साथ तेज हवा चलने के साथ बारिश हो सकती है। 24 जनवरी को पश्चिमी यूपी के ज्यादातर इलाकों में का अनुमान है। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश में 24 और 25 जनवरी दोनों ही दिन बारिश के साथ तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया गया है।

### जी-20 बैठक के लिए दो आईएएस प्रतिनियुक्त

**रांची:** जी-20 के डेलीगेट्स के झारखंड भ्रमण एवं प्रस्तावित अन्य कार्यक्रमों के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों की सेवा प्रतिनियुक्ति के तौर पर मार्च तक मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग को सौंपा गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। इनमें निदेशक भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप झारखंड उमाशंकर सिंह व निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी विशाल सागर हैं। दोनों अधिकारियों को प्रधान सचिव कैबिनेट के मार्गदर्शन में कार्य करने का निर्देश भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जी-20 समिट की बैठक रांची में भी प्रस्तावित है। फरवरी के अंत या मार्च में डेलीगेट्स रांची आयेंगे।

**सीएम ने ढिबरा डंप में कार्य को पुनः प्रारंभ करने हेतु वाहन को दिखाई हरी झंडी, कहा**

# अभ्रक को मिलेगी नई पहचान

**मुख्यमंत्री ने इस कड़ी को सशक्त करने और पहले चरण में अभ्रक की खोयी पहचान को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से ढिबरा डंप में कार्य को पुनः प्रारंभ करने हेतु वाहन को हरी झंडी दिखाई। इससे एक ओर जहां वर्षों से गैर-कानूनी तरीके से चले आ रहे अभ्रक उद्योग पर विराम लगेगा।**

**वर्षों से गैर-कानूनी तरीके से चले आ रहे अभ्रक उद्योग पर लगेगा विराम**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** देश में सबसे उम्दा अभ्रक का उत्पादन झारखण्ड में होता है। मगर वर्षों से इसपर ध्यान नहीं दिया गया। आपकी सरकार बहुत जल्द इस संदर्भ में कानून लाने जा रही है। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री ने इस कड़ी को सशक्त करने और पहले चरण में अभ्रक की खोयी पहचान को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से ढिबरा डंप में कार्य को पुनः प्रारंभ करने हेतु वाहन को हरी झंडी दिखाई। इससे एक ओर जहां वर्षों से गैर-कानूनी तरीके से चले आ रहे अभ्रक उद्योग पर विराम लगेगा। वहीं लाखों श्रमिकों का शोषण बंद होगा। तथा व्यवस्थित रोजगार का सृजन होगा।

### सरकार पुनर्जीवन देने का कर रही प्रयास

मालूम हो कि कोडरमा में वर्ष 1980 के पूर्व में अभ्रक खनिज के लगभग 400 खनन पट्टे धारित थे। वर्ष 1980 में वन (संरक्षण) अधिनियम लागू होने एवं वन्य प्राणी आश्रयणी के प्रभाव से कोडरमा में धारित अभ्रक खनिज के लगभग सभी खनन पट्टे बन्द होते चले गये। वर्तमान में कोडरमा जिला में अभ्रक खनिज का एक भी खनन पट्टा संचालित नहीं है। वर्तमान में सरकार द्वारा अभ्रक खनिज को पुर्नजिवित करने हेतु बहुत से प्रयास किये जा रहे है। इस क्रम में झारखण्ड गजट संख्या 86 दिनांक 03.03.2022 द्वारा झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली 2021 के नियम 9 (1) (क) के परन्तुक के तहत झारखण्ड राज्य अन्तर्गत ढिबरा डम्प में पाये जाने वाले अभ्रक खनिज, जिनका व्यवसायिक मूल्य हो के भंडार/डम्प का निष्पादन झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि. के माध्यम से किया जाएगा। उक्त के आलोक में भूतत्व निदेशालय द्वारा कोडरमा जिलान्तर्गत मौजा- चरकी, अंचल कोडरमा में भंडारित ढोबरा डम्प (अवशेष ) से अभ्रक का निष्कासन हेतु चिन्हित किया गया है।

### सहकारी समितियों द्वारा चुना ढिबरा का होगा उठाव

मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाए गए वाहन से ढीबरा डम्प से संबंधित सहकारी समितियों के सदस्यों द्वारा ढीबरा चुनकर कर जिला खनन कार्यालय, कोडरमा एवं जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा चिन्हित वाहन में ही लोड किया जाएगा। उक्त वाहन को अपने गंतव्य स्थान जेएसएमडीसी द्वारा धारित खनिज भंडारण अनुज्ञप्ति स्थल मौजा- थाम, अंचल-चन्दवारा भेजने के लिए कोडरमा जिला के पहाड़पुर मोड़ से माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार द्वारा रवाना किया गया।

# जेपी नड्डा का बढ़ा एक साल का कार्यकाल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया गया है.

बीजेपी ने कहा कि यह साल सदस्यता का साल है. 6 साल में नए सिरे से सदस्यता होती है. कोरोना महामारी के चलते सदस्यता अभियान नहीं चलाया गया था. बीजेपी की कार्यकारणी में यह फैसला लिया गया है कि जेपी नड्डा जून 2024 तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे. ध्यान देने वाली बात यह है कि भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव जेपी नड्डा के अध्यक्ष रहते हुए ही लड़ेगी. जेपी नड्डा के कार्यकाल को बढ़ाए जाने पर कंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जेपी नड्डा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने कई राज्यों में चुनाव जीते हैं. उनके नेतृत्व में गुजरात में पार्टी की जीत अतुलनीय रही है. उत्तर प्रदेश और गोवा में भी पार्टी ने जीत हासिल की है. इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में भी पार्टी का प्रदर्शन बेहतर रहा है.अमित शाह ने कहा कि जेपी नड्डा के कार्यकाल को बढ़ाने का प्रस्ताव रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से मान लिया गया.

उन्होंने कहा कि बीजेपी देशभर में सबसे ज्यादा लोकतांत्रिक पार्टी है. 2023 में 9 राज्यों में और 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं और इसे देखते हुए नड्डा जी के कार्यकाल को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया और कार्यकाल को विस्तारित किया गया. कहा कि उनकी राष्ट्रीय अध्यक्षता में हमने बिहार में सरकार बनाई, महाराष्ट्र में दोबारा सरकार बनाई. बंगाल में 3 से 77 सीटों तक का फासला तय किया और तमिलनाडु में भी धीरे धीरे आगे बढ़ रहे हैं. गुजरात में 156 सीटों के साथ प्रचंड जीत हासिल की. नड्डा जी के नेतृत्व में संगठन को आगे बढ़ाने में और मोदी जी की लोकप्रियता को आगे बढ़ाते हुए, संगठन को आगे बढ़ाने में उनका बहुत योगदान है.

# 21 अरबपतियों के पास 70 करोड़ भारतीयों से अधिक संपत्ति : राहुल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि 21 अरबपतियों के पास 70 करोड़ भारतीयों से अधिक संपत्ति है। सबसे अमीर एक फीसदी आबादी के पास हिंदुस्तान का 40 फीसदी धन है।राहुल ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने 20 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से निकाला था। लेकिन वर्तमान केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम लोग और गरीब हो रहे हैं। राहुल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा इन नीतियों के खिलाफ देश की हुंकार है।उल्लेखनीय है कि सोमवार को राहुल गांधी ने ट्वीट कर वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) पर सवाल उठाया था। राहुल ने कहा था कि सबसे गरीब 50 फीसदी आबादी का जीएसटी में योगदान 64 फीसदी है। जबकि सबसे अमीर, 10 फीसदी आबादी का जीएसटी में योगदान सिर्फ तीन फीसदी है।


**भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में सेंध, दो युवक को हिरासत में लिया गया**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के पंजाब में छठे दिन मंगलवार को दो जगह सुरक्षा में सेंध लगाए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। पंजाब में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अंतिम पड़ाव में पहुंच चुकी है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पंजाब में पहले ही सुरक्षा खतरों के बारे में आगाह किया गया है। पंजाब में राहुल गांधी को ज्यादातर यात्रा गाड़ी से करने की सलाह देते हुए अन्य राज्यों के मुकाबले अतिरिक्त पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके बावजूद आज सुबह दो बार उनकी सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है।राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आज सुबह होशियारपुर-पठानकोट मार्ग पर थी। इस दौरान दसूहा के पास एक युवक राहुल गांधी का थ्री-लेयर सुरक्षा घेरा तोड़ने में सफल रहा। युवक सुरक्षा चक्र तोड़ते हुए सीधा राहुल के पास पहुंचा और उन्हें गले लगा लिया।

# प्रधानमंत्री आज बस्ती जिले में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे चरण का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दोपहर 1 बजे बस्ती जिले में आयोजित हो रहे सांसद खेल महाकुंभ 2022-23 के द्वितीय चरण का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करेंगे। सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन बस्ती जिले में लोकसभा सांसद हरीश द्विवेदी द्वारा 2021 से किया जा रहा है। सांसद खेल महाकुंभ 2022-23 का आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 10 से 16 दिसंबर, 2022 तक और दूसरा चरण 18 से 28 जनवरी, 2023 तक खेल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। खेल महाकुंभ कुश्ती, कबड्डी, खो खो, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस आदि जैसे इनडोर और आउटडोर दोनों खेलों में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इनके अलावा, निबंध लेखन, पेंटिंग में प्रतियोगिताएं खेल महाकुंभ के दौरान रंगोली बनाने आदि का भी



आयोजन किया जाता है। खेल महाकुंभ एक अनूठी पहल है जो जिला बस्ती और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर और मंच प्रदान करती है और उन्हें खेल को करियर विकल्प के रूप में लेने के लिए प्रेरित करती है। यह क्षेत्र के युवाओं में अनुशासन, टीम वर्क, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास और राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने का भी प्रयास करता है।

**भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी : भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा है : मोदीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा है। हमें इसके विकास के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने जीवन का क्षण-क्षण भारत की विकास गाथा में लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस अमृत काल को कर्तव्य काल में परिवर्तित करने से ही देश को तेजी के साथ आगे ले जाया जा सकता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का समापन प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन से हुआ। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्बोधन प्रेरक, दिशा दर्शक और भविष्य की राह दिखने वाला था। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के जीवन का सर्वोत्तम काल आ रहा है। ऐसे में हमें इसके विकास के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। अपने जीवन का क्षण-क्षण भारत की विकास गाथा में लगाएं। इस अमृत काल को कर्तव्य काल में परिवर्तित करने से ही देश को तेजी के साथ आगे ले जाया जा सकता है। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बताया कि भाजपा अब केवल राजनीतिक आंदोलन भर नहीं बल्कि सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को बदलने वाला एक अभियान है। प्रधानमंत्री ने हमें सलाह दी कि मोर्चा के कुछ कार्यक्रम विशेष रूप से सीमावर्ती गांवों में आयोजित किए जाएं। ताकि हम उनसे और जुड़ सकें और हमारी विकास की योजनाएं इन क्षेत्रों तक पहुंचे। फडणवीस ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के दौरान कहा कि हमें सीमावर्ती इलाकों के गांवों से ज्यादा जुड़ना चाहिए और उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहिए और वहां हमारी गतिविधियां बढ़नी चाहिए।

# जोशीमठ भू धंसाव : केन्द्र के तकनीकी संस्थानों को अध्ययन रिपोर्ट देने के लिए तय की गई टाइमलाइन

एजेंसी

**देहरादून :** केन्द्र के तकनीकी संस्थानों को जोशीमठ भू-धंसाव के अर्न्तगत आपदाग्रस्त क्षेत्र की अध्ययन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए टाइमलाइन दी गई है। राहत की बात है कि पानी का डिस्चार्ज 540 एल.पी.एम से घटकर 123 एल.पी.एम हो गया है। अभी तक 849 भवनों में दरारें आई हैं और 167 भवनों को असुरक्षित चिह्नित किया गया है।

मंगलवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में सचिव, आपदा प्रबंधन डा.रंजीत कुमार सिन्हा ने पत्रकारों को बीफ्रिंग दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के स्तर पर केन्द्र के तकनीकी संस्थानों को जोशीमठ के अर्न्तगत आपदाग्रस्त क्षेत्र की अध्ययन रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने को टाइमलाइन दी गई है।न्होंनेबताया कि सीबीआरआई के 10 वैज्ञानिकों की टीम को तीन सप्ताह, एनजीआरआई के 10 वैज्ञानिकों की टीम को प्रारम्भिक रिपोर्ट दो सप्ताह और अन्तिम रिपोर्ट तीन सप्ताह में देनी है। इसी के साथ वाडिया संस्थान के 07 वैज्ञानिकों की टीम को प्रारम्भिक रिपोर्ट दो सप्ताह और अन्तिम रिपोर्ट दो माह, जीएसआई के सात वैज्ञानिकों की टीम को प्रारम्भिक रिपोर्ट दो सप्ताह व अन्तिम रिपोर्ट दो माह, सीजीडब्ल्यूबी के 04 वैज्ञानिकों की टीम को प्रारम्भिक रिपोर्ट एक सप्ताह और अन्तिम रिपोर्ट तीन सप्ताह में देनी है। आईआईआरएस को एक सप्ताह में प्रारम्भिक रिपोर्ट और तीन माह में अन्तिम रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।राहत की खबर है कि जोशीमठ में प्रारम्भ में निकलने वाले पानी का डिस्चार्ज जो कि 6 जनवरी को 540 एल.पी.एम. था, वर्तमान में घटकर 123 एल.पी.एम. हो गया है।



**मॉडल प्री-फेब्रिकेटड के लिए भूमि चिन्हितः** सचिव, आपदा प्रबन्धन सिन्हा ने जानकारी दी कि टी.सी.पी. तिराहा जोशीमठ के पास उद्यान विभाग की भूमि को मॉडल प्री-फेब्रिकेटेड हट बनाने के लिए चिन्हित किया गया है। जे.पी. के 15 भवनों को चिन्हित किया गया है,जिन्हें तोड़ने का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है।

**849 भवनों में दरारें,167 भवन असुरक्षितः** सचिव, आपदा प्रबन्धन ने बताया कि अभी तक 849 भवनों में दरारें दृष्टिगत हुई हैं। गांधीनगर में 01,सिंहधार में 02, मनोहरबाग में 05, सुनील में 07 क्षेत्र/ वार्ड असुरक्षित घोषित किए गए हैं। 167 भवन असुरक्षित क्षेत्र में स्थित है। 250 परिवार अस्थायी रूप से विस्थापित किये गये हैं। विस्थापित परिवार के सदस्यों की संख्या 838 है।

### भारतीय सेना में पहली बार 108 महिला अफसर बनेंगी कर्नल आर्मी बोर्ड गठित

**नई दिल्ली :** महिला अधिकारियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए भारतीय सेना ने पहली बार कमांड भूमिकाओं के लिए 30 से अधिक महिला अधिकारियों को मंजूरी दी है। भारतीय सेना ने 108 महिला अधिकारियों को कर्नल रैंक पर पदोन्नत करने के लिए आर्मी बोर्ड गठित कर दिया है। सैन्य सूत्रों के मुताबिक 30 से अधिक महिला अधिकारियों की प्रारंभिक सूची को विभिन्न शाखाओं और सेवाओं से मंजूरी दे दी गई है, जिसमें कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स, सिग्नल, आयुध और इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियर शामिल हैं। जल्द ही और सूचियां सामने आएंगी, क्योंकि आर्मी बोर्ड से परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

## रोटरी क्लब के सामने के दुकानों को मार्केटिंग कंपलेक्स के रूप में किया जाएगा विकसित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला परिषद बोर्ड की बैठक मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार में प्रतिमा कुमारी, अध्यक्ष जिला परिषद, पलामू की अध्यक्षता में हुई। सभागार में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। सर्वप्रथम बैठक में 22 नवंबर को संपन्न हुए बैठक में लिये गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर चर्चा किया गया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। बैठक में रोटरी क्लब के सामने के दुकानों को मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित करने को लेकर निर्णय लिया गया साथ ही जिला परिषद कार्यालयों में कर्मियों की कमी को देखते हुए आवश्यकतानुसार कर्मियों को बहाल किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा दो-दो बिजली बिल दिये जाने की बात कही गयी साथ ही विभाग द्वारा उपभोक्ताओं पर दो-दो बिजली बिल का भुगतान नहीं करने पर प्राथमिकी दर्ज भी की जा रही है इसपर बैठक में उपस्थित बिजली विभाग के सहायक अभियंता को पूरे मामले की जांच कर आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया गया.इसी क्रम में 15 वें वित्त की राशि के योजनाओं को पूर्ण कर राशि का शत प्रतिशत व्यय करने का निर्णय लिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने की दिशा में काम करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों के अन्यान विषयों की समीक्षा की गयी।

## मूल्यांकन हेतु उत्तर पुस्तिका का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रखंड संसाधन केंद्र नीलाम्बर पीताम्बर पुर में मंगलवार को सभी 149 विद्यालय के बीच अर्धवार्षिक मूल्यांकन हेतु प्रश्न पत्र का उत्तर पुस्तिका का वितरण किया गया। साथ ही साथी दिनांक 18 जनवरी से 20 जनवरी तक चलने वाली मूल्यांकन के संबंध में विशेष तैयारी पर चर्चा की गई। प्रश्न पत्र से उत्तर पुस्तिका के वितरण कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह संगीता वर्मा प्रखंड साधन सेवी विनोद राम रजनीकांत तिवारी साधन सेवी मुकेश सिन्हा संकुल साधन सेवी पंकज कुमार शुक्ला कामाख्या तिवारी सुजीत कुमार कुश पांडे अरुण कुमार मिश्रा पंकज तिवारी आलोक कुमार सतीश तिवारी राजीव रंजन रिसोर्स टीचर शशिकांत तिवारी सहित प्रखंड संसाधन केंद्र के अन्य कर्मी संलग्न थे।

## ग्रामीण बैंक ने पीएम सुरक्षा बीमा योजना का दो लाख रुपये लाभुक को किया चेक प्रदान



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के विलासपुर पंचायत के गंगटी ग्राम में आजीविका महिला ग्राम संगठन में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा विलासपुर के द्वारा गंगटी ग्राम निवासी मंगल विश्वकर्मा का निधन हो जाने पर उनकी पत्नी वेदवंती देवी को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। मौके पर बैंक के शाखा प्रबंधक आशीष कुमार, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक धनंनजय कुमार, प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, पूर्व प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान, सामुदायिक समन्वयक राज कुमार राम, ग्राम संगठन अध्यक्ष विमलेश देवी, सचिव गीता देवी, प्रमिला देवी, जेण्डर सीआरपी सीमा, बैंक सखी, सीआरपी सहित अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो नेता ने हिन्द इलेक्ट्रॉनिक का किया उदघाटन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपना मेडिकल दुकान के निकट हिन्द इलेक्ट्रॉनिक का उदघाटन किया गया। उदघाटन से पूर्व सिरनी फातिहा खानी किया गया। इस अवसर पर झामुमो नेता ताहीर अंसारी ने कहा कि इस तरह का दुकान यहां नहीं रहने पर लोगो को इलेक्ट्रॉनिक सामग्री खरीदने के लिए बाहर जाना पड़ता था। अब इस तरह के दुकान खुलने से ग्राहकों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा की हिन्द इलेक्ट्रॉनिक दुकान खुल जाने पर यहां के लोगो को उचित मूल्य पर इलेक्ट्रॉनिक समान मिल सकेगा। प्रो आजाद खान उर्फ नेपाली ने कहा कि हमारे यहां टीवी, फ्रिज, एलईडी, कूलर, वाशिंग, होमथियेटर सहित अन्य सामग्री उचिय मूल्य पर उपलब्ध है.उन्होंने ग्राहकों से अपील किया कि एक बार सेवा का मौका दीजिए। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, तस्लीम खान, डॉ सरफराज आलम, हैदर खान, फुलटून खान,श्रवण कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आग तापने के क्रम में महिला झुलसी गंभीर रूप से घायल

**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज के कंदाखाड़ा निवासी विजय चंद्रवंशी की पत्नी दुर्गा देवी उम्र 35 वर्ष आग ताप ने के क्रम में आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार दुर्गा देवी मंगलवार की सुबह आग ताप रही थी इसी दौरान वह आग की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही इस घटना के बाद से परिजनो का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है।

## लगातार हो रही बाइक चोरी से वाहन मालिकों में हड़कंप

**नावा बाजार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावा बाजार थाना क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह सक्रिय है। लगातार बाइक चोरी की हो रही घटना से वाहन मालिकों में हड़कंप है। चोर गिरोह द्वारा कहीं रात के अंधेरे में तो कहीं दिनदहाड़े आंखों के सामने से बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। गुरुवार की रात्री चोरों ने एक बार फिर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्भी खुर्द गांव निवासी सत्येंद्र राम नवा बाजार बुलबुल हॉस्पिटल से घर जा रहे थे बीच रास्ते में चोरों द्वारा मोटरसाइकिल और मोबाइल बारह हजार नगद लूट लिया। उन पर गोली चलाया गया लेकिन सत्येंद्र राम बाल बाल बच गए नवा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास एवं एसआई नंदकिशोर राम जवानों के साथ सूचना मिलते ही घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल खोज बीन भी शुरू कर दिए समाचार लिखे जाने तक चोरों की गिरफ्तारी या बाइक बरामद नहीं हुआ है।

## हुसैनाबाद में सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जागरूकता हेतु, छात्र छात्राओं द्वारा निकाला गया प्रभातफेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** जिले भर में पुलिस कप्तान चन्दन सिन्हा के निर्देश पर मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में बक्सी हाईस्कूल राज्यकिय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के छात्र छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान के द्वारा शहर के अंबेडकर चौक पटेल चौक, जेपी चौक गांधी चौक प्रभातफेरी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया गया, इस अभियान में हुसैनाबाद थाना के एसआई सौरभ कुमार शैलेन्द्र कुमार सिंह विनोद कुमार चौकिदार अमित कुमार पासवान मोहम्मद खान सहित एवं शास्त्र रहे मौजूद मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने कहा कि बिना हेलमेट जूता, लाइसेंस एवं अन्य कागजात की पकड़े गए वाहनों के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई हेतु किया जाएगा आगे भी वाहन जांच अभियान जारी रहेगा।उन्होंने सभी लोगो से कम से कम हेलमेट और लाइसेंस जरूर रखने का अपील भी किया साथ ही कम उम्र के बच्चों को गाड़ी पकने पर उक्त गाड़ी का पंजीकरण रदद् करवाने की भी बात कही हैं।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर ए0 के 0 सिंह कॉलेज में कार्यशाला का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** ए, के सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजनद्य किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवरी थाना के थाना प्रभारी इंद्रदेव राम भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो मुकेश कुमार, महाविद्यालय के प्रो शशिभूषण सिंह के गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने किया। इन्होंने विषय प्रवेश में सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन करने के लिए स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने अपने संबोधन में बताया कि हमें बाइक का चाभी उठाने के साथ हेलमेट साथ में लेना चाहिए,साथ ही साथ गाड़ी का आनर बुक, इंश्योरेंस, लाइसेंस इत्यादि लेकर चलना चाहिए। चौक चौराहों पर सिगनल को फौलो करना चाहिए। प्रो शशिभूषण सिंह ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए सावधानी रखने की बात कही। मोनिका, पुष्पांजलि, विकास, पिंकी पुष्पा, मनीष, अभिमन्यु, रानी, अंजली, शीतल, करण सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन प्रो राहुल कुमार सिंह ने किया।

## कन्टेनर से ले जा रहे अवैध शराब को पुलिस ने किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** पुलिस ने कंटेनर ट्रक से अवैध शराब कारोबार के लिए ले जा रहे भारी मात्रा में कंटेनर ट्रक (एच आर एसएस यू /2064 )सहित शराब को जप्त किया है छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि 17 जनवरी को वरीय पदाधिकारी द्वारा गुप्त सूचना मिला कि कन्टेनर वाहन में अवैध रूप से शराब को लोड कर छत्तरपुर लाया जा रहा हैं, जिसे बिहार ले जाने की सूचना है करवाई करते हुए जपला मोड के पास जपला की ओर से आने वाली वाहनों का सघन वाहन चेकिंग करना प्रारंभ किया। इसी दौरान समय करीब 04.00 बजे सुबह जपला की ओर से एक कन्टेनर वाहन आता दिखाई दिया। कन्टेनर वाहन चालक पुलिस बल को वाहन चेकिंग करता देख वाहन को थोड़ी दूरी पर रोक कर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकला। वाहन को जाँच करने पर पाया गया कि 450 बोतल इन प्रियम ब्लू विदेशी शराब लदा हुआ है इस छापेमारी दल में शेखर कुमार, थाना प्रभारी छत्तरपुर, अजित कुमार यादव, अजय कुमार, प्रियरंजन कुमार, राजू पासवान, आरक्षी सच्चिदा कुमार पासवान एवं आरक्षी उमर हुसैन शामिल थे

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय भिवंडीह में किया गया ड्रेस एवं कॉपी का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिवनडीह में मंगलवार के दिन बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडे की उपस्थिति में ड्रेस एवं कॉपी का वितरण किया गया। इस बीच वर्ग 6 से वर्ग 8 तक प्रत्येक छात्र छ्छात्राओं को 10 -10 कॉपी एवं वर्ग 1 से वर्ग 5 तक के सभी छात्र छात्राओं को 5-5 कॉपी कुल 436 विद्यार्थियों के बीच वितरण किया गया। साथ हीं साथ वर्ग एक और दो के विद्यार्थियों को एक सेट जूता- मोजा, दो ड्रेस, एवं एक स्वेटर, कूल 100 विद्यार्थियों के बीच वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडे ने कहा झारखंड सरकार का यह पहल सार्थक है। सभी छात्र-छात्राओं को ड्रेस मिल जाने से सभी एक समान दिखेंगे जो की एकता का परिचय है। जिन्हें कॉपी दिया गया है उन्हें पढ़ाई में काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय बैठा शिक्षक उपेंद्र सिंह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुड्डू सिंह के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## केतार प्रखंड मुख्यालय में उप प्रमुख का हुआ कार्यालय का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** केतार प्रखंड कार्यालय मुख्यालय में मंगलवार को उप प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यालय का उद्घाटन उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार के हाथों हुआ। इस दौरान बीडीओ मुकेश मछुआ, खरौंधी जिप सदस्य धर्मराज पासवान, खरौंधी उप प्रमुख ने नारियल फोड़कर और फीता काट कर किया। इस अवसर पर उप प्रमुख शम्भु सिंह खरवार ने कहा की कार्यालय खुल जाने से ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधियों में काफी खुशी है। अब गरीब, गुरबा का कार्यो का निष्पादन ससमय किया जाय इसके लिए मैं हर समय प्रयासरत रहूंगा। इस मौके पर रामेश्वर प्रसाद सिंह, राम बिचार साहू, जसम्मुदिन अंसारी, मुखिया मुंगा साह, मुखिया प्रमोद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, बीडीसी राजकुमार राम, रामव्रत मेहता, राजेन्द्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य धर्मशिला देवी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पलामू का गौरव है खैरांचल का वेणुगोपाल मंदिर



**पांडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वेणु गोपाल मंदिर झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत पांडू के खैरांचल में स्थित है. इस प्रसिद्ध मंदिर को पलामू का गौरव माना जाता है। मंदिर का निर्माण कार्य 1945 ई.में शुरू किया गया था एंव 11 मार्च 1954 में इसकी कार्य पूर्ण कर ली गई थी. लगभग 4 एकड़ भूमि में बना विशाल मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के द्वारा किया गया था। इस मंदिर के अंदर राधा कृष्ण, भू-देवी, गरुड़, हनुमान जी एवं त्रिदंडी स्वामी जी महाराज का प्रतिमा स्थापित है जो अपने आप में आकर्षण का केंद्र है। यहां के लोगों की मान्यता है कि त्रिदंडी स्वामी जी महाराज साक्षात भगवान का रूप थे। ईस मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 14 जनवरी 1956 से पांच दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य कई राज्यों से लोग पहुंचते हैं।

## पिपरा में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हो रहा है आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड खेल मैदान में दिन मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र पलामू के द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर पंचायत स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में फुटबॉल कबड्डी वॉलीबॉल बैडमिंटन दौड़ आयोजन हो रहा है. जिसमें पंचायत स्तर पर टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को जिला स्तर पर अपने अपने खेल का नेतृत्व करने के लिए भेजा जाएगा. इस आयोजन में संयुक्त रूप से बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीता केरकेट्टा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह शामिल हुए। दोनों लोगों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया एवं अच्छा खेलने वालों को भविष्य में हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। अमित कुमार सिंह ने कहा कि खेलकूद हर व्यक्ति के जीवन का अभिन्न हिस्सा होता है। खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। वही विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने कहा कि पहले की अपेक्षा बच्चों में खेलकूद के प्रति रुझान कम देखने को मिल रहा है ।सरकार की तरफ से समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। पहले के समय में बिना किसी सुविधा के भी बच्चे खेलकूद मे अपना शतप्रतिशत देते थे। अच्छा खेल खेल कर भी आप अपना भविष्य बना सकते हैं। वही इस कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष रविंदर कुमार सिंह हरिवंश पासवान जनेश्वर भुइया भगवती सिंह कपिल देव राम रामजी पासवान अभिषेक जी उपस्थित थे।

## डिप्टी कलेक्टर बनने पर शिक्षकों ने सम्मानित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के बलहा गांव निवासी एवं स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा के प्रधानाध्यापक विजय राम का डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन होने पर मंगलवार को पिपरा प्रखंड के शिक्षकों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सचिव संतोष कुमार राय के नेतृत्व में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा में आयोजित समारोह में चयनित डिप्टी कलेक्टर विजय राम को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। वही वक्ताओं ने कहा कि विजय राम का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन होना हम सबके लिए यह गर्व की बात है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पिपरा बीपीओ ओमप्रकाश, डीडीओ विनोद पांडेय, पुसेन कुमार, चंद्रदेव राम सत्येंद्र वक्त, सर्वेश सिंह, सीआरपी मनोज कुमार मेहता, रामलाल साव, बीआरपी मनोज मेहता, सहयोगी अध्यापक संघ के प्रखंड सचिव अविनाश रंजन उर्फ मंटू, शिक्षक संजय व्यास, संतोष सक्सेना, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व लोग शामिल थे।

## भाकपा नेता के निधन पर हुई श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी तरहसी के पार्टी के जिला कमेटी के सदस्य तरहसी शाखा के सचिव के निधन पिछले दिनों हो गया। जिनकी श्रद्धांजलि सभा मंगलवार को उनके आवास पर किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने कहा कि भोला साहू कर्मठ एवं जुझारू साथी थे ।उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। पार्टी के वरिष्ठ साथी मनाज़रूल हक ने कहा कि भोला साहू बहुत ही मिलनसार एवं कम्युनिस्ट पार्टी के एक सच्चे सिपाही थे उनकी मृत्यु से हमारी व्यक्तिगत क्षति भी हुई है। भाकपा के वरिष्ठ साथी कृष्ण मुरारी दुबे नेवी उनके प्रति गहरा शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दिया। भाकपा के जिला सचिव से राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि भोला एक निडर एवं आम जनता के हक एवं अधिकार के लड़ने वाले कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे ।अपने जीवन काल के अंतिम समय तक भी पार्टी के एक सच्चे सिपाही के रूप में काम करते हुए पार्टी को आगे बढ़ाते हुए अंतिम सांस ली। उनका निधन से पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई है। शोक सभा में अंचल सचिव कामरेड पूरन चंद साव, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, राजेंद्र साव, सोनू खान, इरशाद प्रिंटर, सुनील विश्वकर्मा, निरंजन कुमार, एक लाख हुसैन, मिथिलेश पासवान, धीरेंद्र गोस्वामी, बुधन शर्मा, संतु सिंह, कन्हाई राम सहित कई एक साथियों ने श्रद्धांजलि सभा के बाद पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

**संक्षिप्त खबरें**

## मल्लिकार्जुन खड़गे के झारखंड आगमन की तैयारी शुरू

**रांची** : कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे फरवरी के दूसरे सप्ताह में झारखंड आएंगे। वह झारखंड से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद खड़गे का यह पहला झारखंड दौरा होगा। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

## शिव बारात आज

**रांची** : श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन रातू रोड से शिव बारात निकालेगी। अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि इस बार शिव बारात में कई मनोहारी और जीवंत झांकियों के अलावा मध्यप्रदेश की ताशा पार्टी भी शामिल होगी। बैठक में नए सत्र के लिए कमेटी का गठन किया गया। रमेश सिंह सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। जबकि सांसद दीपक प्रकाश कों समिति का मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया।

## आदिवासी बचाओ महारैली पांच को

**रांची:** आरक्षण रोस्टर का पालन किए बिना ही अनुबंध कर्मियों के स्थाईकरण के विरोध में पांच मार्च को मोरहाबादी मैदान में आदिवासी बचाओ महारैली आयोजित की जाएगी। इसे लेकर पूर्व विधायक देवकुमार धान की अध्यक्षता में आदिवासी समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें विशेष रणनीति बनाई गई। कुरमी, कुड़मी महतो द्वारा खुद को आदिवासी की सूची में शामिल करने की मांग , आदिवासियों के लिए जनगणना प्रपत्र में अलग धर्म कॉलम की मांग, आदिवासियों के मारंगबुरू पारसनाथ धार्मिक स्थल को मुक्त कराने सहित अन्य पर चर्चा हुई।

# ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे विधायक नमन कोंगाड़ी, दो सप्ताह का मांगा समय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : कैश कांड के मामले में आरोपित कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी भी ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। मंगलवार को विधायक के अधिवक्ता चंद्रभानु ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो सप्ताह का समय ईडी से मांगा गया है। उन्होंने कहा कि विधायक रांची से बाहर है। उन्होंने कहा कि विधायक ईडी को पूरा सहयोग करेंगे। विधायक से जो भी सवाल पूछा जाएगा उनका जवाब दिया जाएगा अनूप सिंह के बयान के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए ईडी ने विधायक को समन कर बुलाया था। इससे पूर्व 16 जनवरी को राजेश कश्यप को भी ईडी ने समन कर बुलाया था लेकिन वह भी दो सप्ताह का समय और बाहर होने का हवाला दिए थे। जबकि 13 जनवरी को कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को ईडी ने समन कर पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन उन्होंने भी दो सप्ताह का समय ईडी से मांगा था।



उल्लेखनीय है कि ईडी ने सात जनवरी को कैश कांड में पूछताछ के लिए इरफान अंसारी को 13 जनवरी, कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप को 16 जनवरी और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को 17 जनवरी को रांची के क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया था। ईडी ने इस मामले में तीनों को मनी लांड्रिंग का आरोपी बनाया है। इस मामले में बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल का बयान ईडी ने 24 दिसंबर को दर्ज कराया था। लगभग 10 घंटे तक ईडी ने सरकार के खिलाफ साजिश मामले में साक्ष्य अनूप सिंह से लिया था। बीते साल 30 जुलाई को हावड़ा में झारखंड कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 48 लाख रुपये बरामद हुए थे।

इस मामले में अनूप सिंह के बयान पर अरगोड़ा थाना में जीरो एफआईआर 31 जुलाई को दर्ज की गई थी। इसके बाद तीनों विधायकों को बंगाल पुलिस ने जेल भेज दिया था। बाद में तीनों को जमानत मिल गई। इसके बाद इस मामले में कोलकाता पुलिस की सीआईडी मामले की जांच कर रही थी। ईडी ने इस मामले में नौ नवंबर को ईसीआईआर दर्ज कर मनी लांड्रिंग के मामलों की जांच शुरू की है।

# प्रधानमंत्री की उपस्थिति में आशा लकड़ा ने किया मंच संचालन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पहली बार किसी आदिवासी महिला को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में मंच संचालन करने का मौका मिला है। बताते चलें कि दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक चल रही थी। इस मौके पर भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची नगर निगम की मेयर डा. आशा लकड़ा को मंच संचालन करने को दिया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत झारखंड से केंद्रीय मंत्री सह सांसद अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सदस्य सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# रांची में 15 एकड़ अफीम की खेती को किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची की नामकुम थाना पुलिस ने मंगलवार को सिंगरसराय में 15 एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया है। थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि वरीय अधिकारियों को मिली सूचना के बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर दिया।

# कांग्रेस ने अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की जयंती मनायी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मंगलवार को अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की जयंती प्रदेश कार्यालय में मनाई गयी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और अन्य नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पाण्डेय गणपत राय को झारखंड का गौरव बताया। देश को आजाद कराने में इनकी भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। देश के प्रति उनके अंदर भक्ति का अंकुर बाल्यावस्था में ही फूट चुका था।




ठाकुर ने कहा कि अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय कुशल रणनीतिकार थे। उनकी कुशाग्र बुद्धि ने 1857 की राज्य क्रांति को छोटानागपुर पठार में एक ऊंचाई प्रदान की। गणपत राय को 21 अप्रैल, 1858 को फांसी दी गयी। इस मौके पर केशव महतो कमलेश, राकेश कुमार सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, सुनील सिंह, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, नेली नाथन सहित अन्य शामिल थे।

# सेल चिकित्सा शिविर से 100 वंचित लाभान्वित हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेल सीएसआर पहल के तहत चिकित्सा शिविर में कुल 100 वंचित लोग लाभान्वित हुए। यह शिविर आशा किरण आश्रय गृह, खुटी में सेल सीएसआर पहल के तहत आयोजित किया गया। लगभग 100 लाभार्थियों को स्वयंसेवकों ने पूर्व-पंजीकृत किया था। शहर के 6 स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने समाज के लिए अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दीं। चिकित्सा शिविर सुबह 9–30 बजे शुरू हुआ और दोपहर दोबजे शिविर समाप्त हुआ।

बच्चे और महिलाएं लाभार्थियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे और उन्हें उनके आकलन के आधार पर विटामिन, आयरन आदि के पर्याप्त पूरक दिए गए।

इस्पात और पारस अस्पतालों से पैरामेडिकल स्टाफ सहयोग प्रदान किया गया। डॉ. अनिल के अलावा डॉ. गजेंद्र कुमार, डॉ. एसके श्रीवास्तव, डॉ. जेके रथ, डॉ. एके वर्मा, डॉ. मधुलिका होरो ने स्वयं को शिविर के लिए समर्पित किया। पीएम हेम्ब्रोम, सीजीएम (कार्मिक), उज्ज्वल भास्कर, जीएम और सीओसी, जीएम चौधरी, डीजीएम (आरडीसीआईएस), पंकज प्रिया, डीजीएम (एसएसओ) और सेल रांची इकाई के राम दास तिग्गा ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। साथ ही हितग्राहियों के बीच खाने के पैकेट भी बांटे गए।

# बैंक ऑफ इंडिया का तीसरी तिमाही में हुआ 1,151 करोड़ का शुद्ध लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सार्वजनिक क्षेत्र का प्रमुख बैंक, बैंक ऑफ इंडिया का वित्तीय वर्ष 23 की तीसरी तिमाही हेतु शुद्ध लाभ, क्रमिक आधार पर 20त्न वृद्धि और वर्ष-दर-वर्ष 12 प्रतिशत वृद्धि के साथ सुधरकर रु.1,151 करोड़ हो गया। परिचालन लाभ, वर्ष-दर-वर्ष 74प्रतिशत वृद्धि तथा क्रमिक आधार पर 8प्रतिशत वृद्धि के साथ सुधरकर रु. 3,652 करोड़ हो गया। आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) सुधरकर 0.55प्रतिशत पर रहा। निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)




3.28प्रतिशत पर रहा, इसमें वर्ष-दर-वर्ग 101 वीपीएस तथा क्रमिक आधार पर 24 बीपीएस का सुधार हुआ है। निवल ब्याज आय (एनआईआई) वर्ष-दर-वर्ष 64प्रतिशत तथा क्रमिक आधार पर 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ रु 5,596 करोड़ पर रही। निवल एनपीए अनुपात 1.61त्न पर रहा, यह वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 105 बीपीएस कम हुआ है। कासा जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष 3.70 प्रतिशत वृद्धि हुई है और कासा प्रतिशत 44.56त्न है।बैंक के बेहतरीन प्रदर्शन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झारखंड राज्य प्रमुख श्री मनोज कुमार ने समस्त ग्राहकों का आभार चताया और सभी कर्मियों को भी बधाई दी। श्री कुमार ने आवाह्न किया कि इसी प्रकार से हमें ग्रहकों की संतुष्टि को बनाए रखना है ताकि बैंक की उत्तरोत्तर वृद्धि हो। इस अवसर पर राँची अंचल प्रमुख श्री संजय कुमार खेमका ने सभी के प्रति आभार एंव हर्ष प्रकट किया।

# राज्य में सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन को प्रभावकारी बनाने के लिए हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में और उनमें होने वाली मृत्यु दर को कम करने एवं प्रवर्त्तन को अधिक प्रभावकारी बनाने हेतु सचिव परिवहन विभाग की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक संग बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राज्य में वर्ष 2022 तथा गत वर्ष 2021 के दौरान घटित सड़क दुर्घटनाओं से जनित मानवीय क्षति एवं प्रभावित पीड़ितों की संख्या



का विश्लेषण किया गया। साथ यह निष्कर्ष किया गया कि, वर्तमान वर्ष में सड़क दुर्घटना में वृद्धि चिंताजनक है। इन दुर्घटनाओं को कम करने हेतु सही स्ट्रेटजी प्लान बनाया जाना आवश्यक है।

**व्यवहार परिवर्तन द्वारा ही सड़क दुर्घटनाओं को किया जा सकेगा न्यूनतम**

दुर्घटनाओं के विश्लेषण अनुसार झारखंड में अत्याधिक दुर्घटनाएं दुर्घटनाओं का मुख्य कारण ओवरस्पीडिंग है जिससे अधिक प्रभावित 20 से 40 आयु के लोग शामिल है। इन सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हेतु जिला में अत्यधिक रूप से जागरूकता फैलाए जाने की आवश्यकता है, लोगों के व्यवहार में परिवर्तन द्वारा ही सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम किया जा सकता है।

# रांची: एसएफसी मोटीया मजदूर संघ के अध्यक्ष संतोष ने 10 हजार का किया मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एसएफसी मोटीया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी एवं लातेहार जिला अध्यक्ष सिकंदर प्रखंड अध्यक्ष संदीप राम सहित प्रखंड के लगभग 20 मजदूर की उपस्थिति में चंदवा स्थित स्वर्गीय रंगा भुइयां के मकान में जाकर उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया एवं उनके पत्नी को और मां के हाथों में एस.एफ.सी मोटीया मजदूर संघ के तरफ से 10,000 नगद का सहायता दिया गया । साथ ही केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने आश्वासन दिया कि जिला के ठेकेदार और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से भी उन्हें सहयोग दिलाया जाएगा। इस शोक सभा में मुख्य रूप से विष्णु , मनदीप, रमेश. कुलेश्वर, राजेश,बजरंग,अजय, हरे राम , कैलाश, संजय, मनीष आदि उपस्थित रहे।

## आईआईएम हॉस्टल में फंदे से लटका छात्र का शव बरामद

**रांची** : नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित आईआईएम हॉस्टल में फंदे से लटका हुआ एक छात्र का शव पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया है। छात्र के दोनों हाथ बंधे हुए थे। छात्र का रूम आईआईएम कैंपस में पांचवें तल्ले पर 505 स्थित है। युवक की पहचान शिवम पांडेय ( 23)के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के बनारस का रहने वाला है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है।

# सांसद ने किया सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उदघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल कोल्ड फील्ड्स के सीएसआर योजना के तहत स्वरोजगार से महिलाओं की आजीविका सृजन को लेकर सिलाई, रेडीमेड वस्त्र निर्माण संबंधी प्रशिक्षण केंद्र का उदघाटन सांसद संजय सेठ ने आइटीआइ के पीछे, पंचवटी नगर रोड नंबर -2, रांची में किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार योजना चला रही है। जिसका लाभ सभी महिलाएं लेकर स्वावलंबी बनें। उन्होंने कहा कि कर्म के बल पर आगे बढ़ें।मेहनत करें ओर ईमानदारी से प्रशिक्षण प्राप्त करें और स्वावलंबी बन कर आत्मनिर्भर बनें। कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त



होंगी तो पूरा परिवार ओर समाज सशक्त होगा। मैं सीसीएल के अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने सामाजिक दायित्व के तहत सिलाई मशीन उपलब्ध करायी है।उन्होंने अपना दायित्व निभाया है, अब आप सभी महिलाएं अपना दायित्व निभायें. कार्यक्रम में एससी मोर्चा के महामंत्री रंजन पासवान ने कहा कि फाउंडेशन ने पहले भी समाज के लिए बेहतर कार्य किया है।आप सभी बेहतर कार्य करें और प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबी बनें। सांसद प्रतिनिधि कुमुद झा ने कहा कि सीसीएल और सन्मार्गम फाउंडेशन आप सभी को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयास कर रही है, आप मेहनत करें और आगे बढ़ें। सन्मार्गम फाउंडेशन के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रमाण पत्र के साथ सिलाई मशीन भी दी जायेगी। ,

फाउंडेशन के अध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना रोजगार खोल सकती हैं ओर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। मौके पर फाउंडेशन के उपाध्यक्ष सुब्रत बारीक, रश्मि कुमारी, कल्पना मिश्रा, कंचनलता गुप्ता, चंदन मिश्रा, प्रिया तिवारी, रूपा गुप्ता, रेणू पॉल, ललिता महतो, सुषमा मिंज, मालती कुमारी, प्रिती कुमारी आदि मौजूद थे।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच का टिकट दर तय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच 27 जनवरी को रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके लिए टिकट की दरें घोषित कर दी गई है। भारत-न्यूजीलैंड टी20 मैच के लिए सबसे सस्ता टिकट 1000 रुपये का है। सबसे महंगा टिकट 10,000 रुपये का मिलेगा। 4,000 रुपये से ज्यादा कीमत वाली टिकटों पर हॉस्पिटिलिटी की सुविधा भी मिलेगी। बता दें कि बीसीसीआई ने टीम का ऐलान कर दिया है। हार्दिक पांड्या इस सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे।

**जेएससीए स्टेडियम के पश्चिमी गेट से मिलेगा टिकट:** बता दें कि दर्शक रांची के धुर्वा स्थित जेएससीए स्टेडियम के पश्चिमी गेट में बने टिकट काउंटर्स से टिकट खरीद सकते हैं। जेएससीए स्टाफ और मेंबर्स को कीनन स्टेडियम, जमशेदपुर से टिकट खरीदना होगा। दर्शक 24, 25 और 26 जनवरी को निर्धारित टिकट काउंटर्स से टिकट खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि पिछले साल भी भारत-न्यूजीलैंड




के बीच टी20 मैच जेएससीए स्टेडियम में हुआ था। विंग ए - लोअर टीयर 1300, अपर टीयर 1000 विंग बी- लोअर टीयर 1800, अपर टीयर 1400 विंग सी- लोअर टीयर 1300, अपर टीयर 1000 विंग बी- लोअर टीयर 1700, स्पाइस बॉक्स 1600 अमिताभ चौधरी पवेलियन प्रीमियर टेरेस 2200 रुपये प्रेसीडेंट इनक्लोजर, 10,000 हॉस्पिटिलिटी हॉस्पिटिलिटी बाक्स-5500 कॉर्पोरेट बॉक्स, 4500 रुपये विद हॉस्पिटिलिटी कॉर्पोरेट लाउंज - 8,000 रुपये विद हॉस्पिटिलिटी एमएस धोनी पवेलियन ड्ढ लग्जरी पार्लर ईस्ट 6000 रुपये विद हॉस्पिटिलिटी।

# रांची में दुकान से नकदी समेत 25.47 लाख के मोबाइल की चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जिले के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के हटिया चौक स्थित मिठी मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर बदमाश 47 हजार नकदी सहित लगभग 25 लाख के मोबाइल ले उड़े। इस संबंध में मोबाइल दुकान के संचालक शुभम गुप्ता ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गुप्ता ने बताया कि दुकान से लगभग 25 लाख की मोबाइल और गल्ले से 47 हजार नकदी की चोरी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के लिए डॉग स्क्वायड एवं एफएसएल टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।



## फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस ने छतरपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की दूसरी सबसे बड़ी एनबीएफसी एमएफआई फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस ने झारखंड के छतरपुर में स्वयंसेवी संस्था नेत्रम आई फाउंडेशन के सहयोग से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमे 200 लोगों के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच की गई, और साथ में डॉक्टरी सलाह भी दी गई। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ और एक जनरल फिजिशियन मौजूद रहे जिन्होंने ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर की जांच की और मुफ्त दवाइयां दी। इस अवसर पर फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस के रीजनल मैनेजर अनुज राय ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना एक बड़ी चुनौति है। देहात में लोगों को आसानी से यह सेवाएं हासिल नहीं होती इसलिए इन जांच शिविरों के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच और मुफ्त दवाइयां जैसी जरूरी सेवाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं ।




## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरसानगर मे दिव्यांगता कैंप का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहरी स्वास्थ्य केन्द्र बिरसानगर में दिव्यांगता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागो के डॉक्टर द्वारा कुल 54 लाभार्थियों का दिव्यांगता जाँच किया गया। आधार कार्ड एवं आयुषमान कार्ड तथा कोविड टीकाकरण का कार्य भी शिविर मे संपन्न हुआ। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ डी एन सिंह, पब्लिक हेल्थ मैनेजर प्रदीप कुमार, फार्मासिस्ट बिमल कुमार दास, ए.एन.एम. समिता महतो, अनामिका बक्ला, पुष्पलता, रजनीकांत एवम सहिया कर्मी उपस्थित रहे।




## मेला में मुर्गा लड़ाई व पाता नाच का आयोजन

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के हाईतिरूल जामडीह एवं चड़कपाथर माझीबुरू सोलोआना कमेटी द्वारा आयोजित आकर्षणिय मुर्गा लड़ाई एवं पांता नाच धमाका का आयोजन किया गया। मधुपुर नावा उमेर सागुन गांवता क्लब के रामचंद्र मुर्मू एवं पार्टी द्वारा पांता नाच का प्रस्तुति किया गया। पांता नाच की एकरूपता से दर्शक खूब झुमे। मुर्गा पाड़ा में जीतने वाले विजेताओं को कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुखिया लालु मांझी, उप मुखिया महेन्द्र नाथ महतो,संतोष कर्मकार,महेंद्र नाथ सिंह मुंडा,सुधाकर कुमार,सहित कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## कुचाई के बिरसा स्टेडियम में 20 से 22 जनवरी तक प्रखंड स्तरीय सहाय खेल प्रतियोगिता

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के सहाय खेल योजना के तहत कुचाई के बिरसा स्टेडियम में आगामी 20 से 22 जनवरी तक प्रखंड स्तरीय सहाय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल सहित एथेलेटिक्स के 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद की प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की जाएगी। कुचाई के बिरसा स्टेडियम में आगामी 20 जनवरी को वॉलीबॉल एवं एथेलेटिक्स बालक बालिका प्रतियोगिता होगी। जबकि 21 जनवरी को हॉकी, फुटबॉल,एथेलेटिक्स के 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद की प्रतिस्पर्धा होगी। वही आगामी 22 जनवरी को हॉकी, फुटबॉल के बालक और बालिका वर्ग की प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से होगी। इसके लिए पंचायत के सभी मुखिया, पंचायत सचिव अपने अपने पंचायत के बालक बालिका वर्ग की पंजीकृत खिलाडियों को सम्पूर्ण किट के साथ कुचाई के बिरसा स्टेडियम में उपस्थिति होना सुनिश्चित करेगे। उक्त जानकारी कुचाई प्रखंड बिकास पदाधिकारी सुजाता कुजूर ने दी।

## न्युवोको का 'न्युवो मेसन' स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने असंगठित तौर पर काम करने वाले निर्माण एवं चिनाई राजमिस्त्री (मिस्त्री-मेसन) को लाभ पहुंचाने के लिए न्युवो मेसन-एक मेसनरी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम राजस्थान और छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया है। न्युवोको ने इस कार्यक्रम को लागू करने के लिए लर्नेट स्किल्स को कार्यान्वयन भागीदार के रूप में शामिल किया है। इस कार्यक्रम के साथ, न्युवोको का इरादा युवाओं और असंगठित निर्माण क्षेत्र के श्रमिकों को नेशनल स्किल्स क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के साथ गठबंधन करने के लिए अल्पकालिक कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के सफल समापन पर, प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।




## पोखरिया में भैंसा ने सींग में फंसाकर अपने ही मालिक को मारकर किया घायल, टीएमएच में भर्ती

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंगाल सीमा से सटे बोड़ाम थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव में मंगलवार को भानसिंह पूजा सह टुसू पर्व के मौके पर भैंसा लड़ाई(काड़ा लड़ाई) का आयोजन हुआ। सुबह 10 बजे से जारी इस कार्यक्रम के दौरान पहले ही मुकाबले में ऐसी घटना हुई कि कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। ग्राम प्रधान ललित कुमार महतो के मुताबिक पहला मुकाबला कमेटी की ओर से रखे गए पोखरिया निवासी मुकेश महतो का भैंसा के साथ बंगाल के पिठाजोड़ का एक भैंसा के साथ हुआ। इस पर 31 हजार रुपये का पुरस्कार रखा गया था। लेकिन जैसे ही आमटांड़ के मैदान में दोनों भैंसों को छोड़ा गया तो खुद को कमजोर पड़ता देख बंगाल का भैंसा भाग निकला। इसके बाद मुकेश महतो अपना भैंसा को संभालने पहुंचा तो गुस्से में आकर भैंसा ने अपने ही मालिक को निशाना बनाया। उसके जांघ में सींग फंसाकर हवा में दो चक्कर घुमाने के बाद जमीन पर पटक दिया। उसे गंभीर हालत में बेहतर इलाज हेतु टीएमएच ले जाया गया है एवं इलाज के बाद हालत में सुधार है। बताते हैं कि यहां कुल 7 जोड़ों के बीच मुकाबला था जिसमें पहला पुरस्कार 31 हजार, दूसरा 21 हजार, तीसरा 15 हजार, चौथा 10 हजार एवं बाकी 3 पुरस्कार 10 हजार रुपये से कम का रखा गया था।

## मंत्री चम्पई सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए विशेष पूजा पाठ व हवन का आयोजन

**कांड्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चम्पई सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के लिए मंगलवार को कांड्रा स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर में विशेष पूजा पाठ और हवन का आयोजन किया गया। समाजसेवी जोगिंदर प्रसाद महतो के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शिव मंदिर के पुजारी गौतम मिश्रा के द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ व हवन कराया गया। इस मौके पर जोगिंदर प्रसाद ने बताया कि विगत कुछ दिनों से मंत्री चंपई सोरेन की तबीयत खराब चल रही थी जिन्हें इलाज के लिए चेन्नई ले जाया गया है। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना के लिए यह पूजा पाठ तथा हवन का आयोजन किया गया है। इस दौरान कांड्रवासियों के सुख-शांति की कामना भी की गई। यज्ञ हवन में डॉक्टर जोगिंदर प्रसाद के अलावा उनकी पत्नी, पंडित राजा मिश्रा, प्रकाश कुमार राजू, पंडित निवास मिश्रा समेत कई स्थानीय लोगों ने भी आहुति दी।



# मारांगबुरू को आदिवासियों को सौंपने की मांग को लेकर सेंगेल अभियान का धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** पारसनाथ पहाड़ अर्थात मारांगबुरू को अविलंब भारत के संताल आदिवासियों के सुपुर्द करने एवं अलग सरना धर्म कोड देने की मांग को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा मंगलवार की जिला मुख्यलय में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया. धरना प्रदर्शन पश्चात राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया. धरना प्रदर्शन का नेतृत्व सेंगेल अभियान के जिलाध्यक्ष कालीपद टुडु के नेतृत्व में किया गया. ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड के गिरिडीह जिला के पीरटांड़ प्रखंड में अवस्थित पारसनाथ पहाड़ संताल आदिवासियों का ईश्वर है. संताल आदिवासी अपने सभी पूजा अर्चनाओं में सबसे पहले हिरला मारांग बुरू हिरला का उच्चारण करते है. पारसनाथ पहाड आदिवासियों का जाहेरस्थल भी है. सरकार द्वारा उक्त पहाड को आदिवासियों से छीन कर जैनियों को सुपुर्द करना आदिवासियों के भावनाओं का कत्ल करना है. ज्ञापन के माध्यम से अविलंब उक्त पहाड को आदिवासियों का पूजा स्थल(जाहेरत्थान) घोषित करने की मांग किया है. मौके पर शांखो टुडु, धानो सोरेन, गिनु मांझी, मालती हेंब्रम, उमेश सोरेन, हडिया टुडु, बागुन टुडु सहित काफी संख्या में सेंगेल अभियान के सदस्य उपस्थित थे.






## जुगसलाई रेलवे ओवर ब्रिज व बर्मामाइंस कुष्ठ आश्रम का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी 30 एवं 31 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पूर्वी सिंहभूम जिला भ्रमण के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में डीसी विजया जाधव, एसएसपी प्रभात कुमार द्वारा एक्सएलआरआइ ऑडिटोरियम, नवनिर्मित जुगसलाई रेलवे ओवर ब्रिज एवं बर्मामाइंस स्थित कुष्ठ आश्रम का निरीक्षण किया गया। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल, एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा, एसओ जेएनएसी संजय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, डीएसपी ट्रैफिक कमल किशोर समेत प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में जिले के वरीय पदाधिकारियों ने एक्सएलआरआइ स्थित ऑडिटोरियम का जायजा लिया तथा दोनों जिलों के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के बैठक को लेकर सीटों की उपलब्धता की जांच की। बैठक में दोनों जिलों के प्रभारी मंत्री के अलावा स्थानीय सासंद एवं विधायकण भी शामिल होंगे । मुख्यमंत्री द्वारा जुगसलाई आरओबी का उद्घाटन प्रस्तावित है इसको लेकर स्थलीय निरीक्षण के क्रम में रंग रोगन आदि की समीक्षा की गई। वहीं बर्मामाइंस स्थित कुष्ठ आश्रम का भी निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

# विधायक व एसपी आनंद प्रकाश ने जयदा मेला में किया कंबल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** जयदा मेला में मंगलवार को विधायक सविता महतो व पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश ने संयुक्त रूप से लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए गरीब असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच 300 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक ने कुरली व दुबराजपुर मेले में भी शामिल हुए। मौके पर अंचलअधिकारी प्रणव अमबस्ट, चौका थाना प्रभारी धर्मराज कुमार, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, जिला सह सचिव अर्जुन सिंह मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, निताई उरांव, समर भुईया, राहुल वर्मा, सुदामा हेम्ब्रम, संजय महतो, शिव चरण महतो, अजीत सिंह आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## गणतंत्र दिवस को लेकर प्रखंड मुख्यालय में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** कुकड़ु प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख प्रतिमा सिंह पातर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी रितेश कुमार व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ झंडोत्तोलन को लेकर चर्चा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश गोप ने सभी विभागीय पदाधिकारियों व पंचायत सचिवों को अपने अपने दफ्तर व पंचायत सचिवालयों में समय पर झंडोत्तोलन करने का तैयारी करने का निर्देश दिया। प्रखंड कार्यालय में 9 बजे, तिरूलडीह थाना 10 बजे, उप स्वास्थ्य केन्द्र तिरूलडीह 9-45, कुकड़ु पंचायत भवन 8 बजे ,लैम्पस 8-30 बजे सहित सभी पंचायत सचिवालयों में सुबह 8 से 10-30 बजे किया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिमा सिंह पातर, बीडीओ राकेश गोप, थाना प्रभारी रितेश कुमार, पंचायतों के मुखिया व पंचायत सचिव उपस्थित थे।



## जेवियर पब्लिक स्कूल बंद करने की मांग को लेकर दोरकासाई के ग्रामीण ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा थाना अंतर्गत हाथीविंदा पंचायत के ग्रामीणों ने जेवियर पब्लिक स्कूल मारपीट के खिलाफ जेवियर पब्लिक स्कूल को बंद करने की मांग के समर्थन में मंगलवार को 60 ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय को सौपा। इधर जिले की डी सी विजया जाधव की गैर मौजूदगी में पीए को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौप को घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्कूल स्थायी तौर पर बंद कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने गए प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई गांव के ही विश्वनाथ महतो, विमल महतो, उत्तम महतो, गुरुपद महतो व सुरज महतो ने की। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कार्रवाई न होने पर भविष्य में किसी तरह के अप्रिय घटना की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



## सड़क सुरक्षा पर करीम सिटी कॉलेज मानगो केंपस में कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज मानगो कैम्पस के इंटरमीडिएट सेक्शन में सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें 68 छात्र-छात्राओं की 17 टीमों ने भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज कार्यक्रम में शामिल हुए।

### जोजोहटू गांव में टुसू मेला सह संस्कृत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## कला संस्कृति ही हमारी पहचान : गागराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के जोजोहातु में आनंद मेला समिति के द्वारा मंकर संक्राति पर टुसू मेला सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने किया. मौके पर श्री गागराई ने कहा कि यहां की कला-संस्कृति ही हमारी पहचान है. इसके उत्थान के लिए लोक भागीदारी जरूरी है. हमें अपनी इस विशिष्ट पहचान को बरकरार रखना होगा। इस दौरान विधायक ने झूमर गीत गाकर कलाकारों को प्रोत्साहित किया. वही झूमर गायक संतोष महतो ने साथी कलाकारों के साथ तसर बुनोली झोंपा झोंपा.., हामरा जे किसानेर बेटा हाल जोती खाय---, ..एगो मोर गेंदा फूल---,सरायकेलार लड्डु जेमोन, मांयरी तो गाल गा ओमन--, किना कोरी देले मोके..प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी. इस दौरान मुख्य रूप से बारूहातु मुखिया रेखा मनी उरांव रूगुडीह मुखिया करम सिंह मुंडा,विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा,पूर्व मुखिया मान सिंह मुंडा, सोहनलाल कुम्हार, तारक नाथ सिंह मुंडा,दशरथ उरांव, हेमसागर मुंडा,मनोज सिंह आदि उपस्थित थे.

## राहिल की कप्तानी में झारखंड टेनिकोइट टीम का चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आंध्र प्रदेश में आयोजित सब जूनियर नेशनल टेनिकोइट चैंपियनशिप के लिए झारखंड टेनिकोइट टीम के खिलाड़ियों का चयन किया गया है। झारखंड टेनिकोइट संघ के तत्वधान में हुए ट्रायल व प्रशिक्षण शिविर के दौरान छह खिलाड़ियों का चयन किया गया। कोच साहबउद्दीन ने बताया कि टीम में पी योगेश, हर्ष तिवारी, राहिल आजम खान, प्रत्यूष, फरासत, आयुष का चयन हुआ है जबकि टीम मैनेजर ऋषि कुमार सिंह होंगे। यह चैंपियनशिप 22 -26 जनवरी तक विशाखापट्टनम के अनाकापल्ली में आयोजन होने जा रहा है। मौके पर अली रजा खान सचिव झारखंड टेनिकोइट, असलम मलिक और सिंगो टूडू मौजूद थे।



# साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में उपायुक्त के समक्ष पहुंचे 40 फरियादी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्र से अपनी अपनी समस्याओं को लेकर लगभग 40 फरियादी पहुंचे. आवेदन के माध्यम बारी बारी से सभी की समस्याओं से उपायुक्त अरवा राजकमल अवगत हुए. कुछ समस्याओं का उपायुक्त द्वारा त्वरित समाधान किया गया. जबकि कुछ समस्याओं के विधिसंगत त्वरित निष्पादन हेतु सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया. जानकारी अनुसार आज के जनता मिलन कार्यक्रम में भूमि, विद्यालय, विद्युत आपूर्ति एवं स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित अधिकतर मामले लेकर लोग पहुंचे थे. उपायुक्त द्वारा सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सोसल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य माध्यम से भी प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कर उक्त मामलो का निष्पादन करें.



# टाटा स्टील कोलकाता लिटरेरी मीट 2023 का आयोजन 21 से 26 जनवरी तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के सहयोग से ग्यारहवें टाटा स्टील कोलकाता लिटरेरी मीट का आयोजन 21 जनवरी से 26 जनवरी 2023 तक किया जाएगा। यह महोत्सव विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्घाटन प्रसिद्ध साहित्यकार गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक करेंगी। बुकर इंटरनेशनल प्राइज 2022 की विजेता गीतांजलि श्री और उनकी अनुवादक डेजी रॉकवेल महोत्सव में दर्शकों को संबोधित करेंगी। श्रीलंकाई लेखक शेहान करुणातिलका अपने उपन्यास द सेवन मून्स ऑफ माली अल्मेडा के बारे में बात करेंगे, जिसने बुकर पुरस्कार 2022 जीता था। ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता दामोदर मौजो और अमिताव घोष, साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता ब्रत्य बसु और जेसीबी पुरस्कार विजेता खालिद जावेद भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। अकादमिक जगत के कई गैर-काल्पनिक टाइटल्स, को भी महोत्सव में प्रदर्शित किया जाएगा। सेमंती घोष और अपराजिता दासगुप्ता के साथ सिरशेंदु मुखोपाध्याय और शंकर 1947 के अगस्त को याद करेंगे। विशेष आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल की %क्रांतिकारी% और चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी की %स्वतंत्रता% भी अपनी-अपनी पुस्तकों के माध्यम से आजादी की राह और आजादी से पहले के क्षणों को दर्शाएंगी। बंगाली सेग्मेंट में श्रीजातो, चंद्रिल भट्टाचार्य, फूड राइटर चित्रिता बनर्जी, लेखक अकादमिक चिन्मय गुहा, अभिनेता अनिर्बान भट्टाचार्जी, गायक-कवि अनुपम रॉय, रंगमंच के दिग्गज कौशिक सेन और सुमन मुखोपाध्याय और कवि सुबोध सरकार शामिल हैं।

### पटमदा के चौरास्ता मोड़ में टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहुंचे मंगल कालिंदी, कहा

# आजसू-बीजेपी की सरकार ने लोगों को बनाया प्रवासी मजदूर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के चौरास्ता मोड़ (सुंदरपुर) में टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने मेला का आनंद उठाया। यहां पश्चिम मेदनीपुर से आई उषारानी मिर्धा एवं अन्य झूमर कलाकारों ने बांग्ला झूमर गीत व नृत्य के माध्यम से लोगों को खूब झुमाया। कार्यक्रम में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि टुसू पर्व व मकर संक्रांति झारखंड का महापर्व है जो यहां के गरीब, मजदूर किसान वर्ग के लोग मनाते हैं। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार के साथ-साथ शिक्षा भी जरूरी है इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए बोड़ाम में डिग्री कॉलेज की स्वीकृति दिलाई है इसके लिए वे हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हैं। विधायक ने कहा कि राज्य में सबसे अधिक आजसू-बीजेपी की सरकार रही लेकिन यहां के लोगों को रोजगार नहीं मिलने से लोग प्रवासी मजदूर के रूप में बाहर के प्रदेशों में काम करने जाते हैं जिसका खुलासा कोरोना काल के दौरान हुआ। राज्य के 16 लाख मजदूरों को कोरोना काल में मुख्यमंत्री ने सुरक्षित अपने घर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि माचा अस्पताल को उन्होंने ही चालू कराया जिसके कारण आज यहां के लोग चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। स्वच्छ पेयजल के लिए चांडिल डैम से 228 करोड़ की योजना की स्वीकृति दिलाते हुए काम शुरू कराया है। मौके पर जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व खगेन चंद्र महतो, झामुमो के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, मेला कमेटी के अध्यक्ष डॉ सुधांशु महतो, सचिव चंद्रशेखर टुडू, कोषाध्यक्ष हरिपद सोरेन, सदस्य डॉ माधव चंद्र महतो, ग्राम प्रधान सुधीर चंद्र माझी, पांजाब किशोर बास्के, आदि थे।



# जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुमन कुमार का निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुमन कुमार (53) का बीते सोमवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वे कैंसर से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर से पूरे राज्य में शतरंज जगत में शोक की लहर दौड़ पडी। संघ के सचिव अजय कुमार ने बताया कि सुमन कुमार विगत चार वर्षों तक शतरंज संघ के अध्यक्ष के तौर पर अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। उनके कार्यकाल मे संघ ने राज्य, कोल्हान एवं जिला स्तरीय समेत अन्य प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिले में शतरंज खेल को बढ़ाने मे उनका अभूतपूर्व योगदान रहा। साथ ही अपने जीवन काल में एनआईटी में कार्यरत रहते हुए समाजसेवा में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। राज्य शतरंज के अध्यक्ष डॉ प्रदीप वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रीचा संचिता, एनके तिवारी, मिलन कुमार, विक्रम कुमार, अजय कुमार समेत अन्य खेल प्रेमियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।



## संक्षिप्त खबरे

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत गांव स्थित ऊपर टोला बने बजरंगबली मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर गांव में भव्य तरीके से सोमवार 16 जनवरी को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों भक्त कलश यात्रा में शामिल हुए।यज्ञ का प्रारंभ कलश स्थापन एवं विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया जा रहा है।18 जनवरी को हनुमान जी की प्रतिमा को स्थापित कर विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा पूजा कर समापन किया जाएगा। कलश यात्रा में शामिल गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी उपेंद्र दांगी प्रमोद दांगी शिव शंकर दांगी महेंद्र दांगी राजू दांगी प्रमोद दांगी नरेश दांगी व सैकड़ों कलश धारी

# राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम को लेकर बैठक की गई

➲ अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध 19 से 25 जनवरी तक चलाए महा अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बताते चले कि पूर्व के बैठक में सीसीएल प्रबंधन को निदेशित किया गया था कि सीसीएल क्षेत्र अंतर्गत आवश्यक सभी स्थानों यथा रेलवे साईडिंग/ कॉटाघरों/ सीसीएल चेकगेट/ सीसीएल आवागमन गेट इत्यादि स्थानों में सीसीटीवी लगाना




सुनिश्चत करें। इसे लेकर खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की कुल 22 स्थानों में 48 सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित किया गया है। जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स द्वारा जिले में कोयले के अवैध उत्खनन, चोरी एवं भण्डारण के विरूद्ध नियमित रूप से कार्रवाई कि जा रही है की जानकारी खनन पदाधिकारी द्वारा दी गई। साथ ही उनके द्वारा बताया गया की माह -नवंबर, 2022 से माह जनवरी, 2023 (दिनांक 15.01.2023 तक) की अवधि में अवैध कोयला चोरी एवं भण्डारण के विरूद्ध कुल 13 मामलो में स्थानीय थाना में 13 प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें संलिप्त 14 वाहन एवं 282.44 टन अवैध कोयला को जब्त कर 12 अभियुक्तों को गिरफतार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर दिनांक 02.01.2023 को अनुमण्डल स्तरीय खनन टास्क फोर्स के द्वारा छापामारी अभियान में पिपरवार थानान्तर्गत लुकईयॉ जंगल में अवैध कोयला खनन का मामला सत्य पाया गया। उक्त के आलोक में अवैध खनन के लिए उपयोग में होने वाले सभी रास्तों को जेसीबी के मदद से ट्रेन्च काट दी गई है एवं जिला खनन पदाधिकारी, चतरा द्वारा अवैध खननकर्ता के विरूद्ध पिपरवार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बैठक में उपायुक्त ने वाहनों में स्पीड कंट्रोल डिवाईस सड़क किनारे साईनेज बोर्ड वाहन चालक को सड़क सुरक्षा का नियमों का अक्षरशः अनुपालन हेतु प्रशिक्षण देने समेत दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश। वही 19 जनवरी से 25 जनवरी तक जिले भर में महा अभियान चला कर हो रहे अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की किसी भी परिस्थिति में अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण नहीं होना चाहिए। उक्त बैठक में पुलीस अधीक्षक राकेश रंजन, दक्षिणी वन प्रमण्डल पदाधिकारी एस. पी. सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, भूःअर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी अंचल अधिकारी समेत परियोजनाओं के संबंधित उपस्थित थे।

### हाथियों के झुंड ने फसल को किया बर्बाद



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के केवटा गाँव में बीते सोमवार की रात्रि हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। वहीं खेतों में लगे गेहूं, चना, सरसों, मटर, टमाटर, राई, आलू के फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। भुक्तभोगी किसान रामदेव साव, बंधु साव, द्वारका साव, राजेश साहू, पिंटू साहू, अशोक कुमार, सुबोध कुमार, शंभू महतो, झबर साव, खगेश्वर साव सहित अन्य किसानों ने हाथियों द्वारा किए गए क्षतिग्रस्त अपनी फसल का मुआवजा देने की मांग वन विभाग में आवेदन देकर की है।

### पुलिस ने दिखाया दरियादिली अस्पताल में तड़पते छात्र को एंबुलेश मुहैया कर सदर अस्पताल हजारीबाग कराया रेफर



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलेनो कार ने छात्र को टक्कर मार भाग रहे कार को ग्रामीणों ने अंबेडकर चौक पर घेर कर पकड़ लिया। घायल छात्र सदर थाना क्षेत्र के बेरियो गांव निवासी पूनम गंझू एवं दस वर्षीय छात्र सुबोध कुमार को बोलेनों कार ने अपने चपेट ले लिया था। सदर अस्पताल ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया।असहाय एव गरीब होने के कारण मजबूर पिता इलाज कराने से असमर्थ जताया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर नईम अंसारी, एसआई शशिकांत ठाकुर के अथक प्रयास से एंबुलेंस व्यवस्था करा कर हजारीबाग भेजा गया।

# शिक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** शिक्षा विभाग रांची की टीम ने प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। टीम में प्रमोद कुमार सिन्हा, दिनेश उपाध्याय और स्मिथा रावत शामिल थे। उन्होंने जबड़ा मध्य विद्यालय, दुंदुआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिमरिया, बुनियादी विद्यालय, बीआरसी सिमरिया आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मध्यान भोजन बच्चों की पोशाक उपलब्ध कराए गए किट वितरण, विद्यालय विकास अनुदान का उपयोग और शिशु पंजी संधारण आदि विषय में जांच पड़ताल की। उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की। टीम ने विद्यालय में अन्य समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली और इसके निराकरण का सुझाव दिया।

# स्टूडेंट परेशान नहीं बन रहा जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र 2 महीनों से हजारों प्रमाण पत्र पड़ा है पेंडिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** चतरा क्षेत्र पत्थलगड़ा लॉक के सभी कर्मचारी 2 मिहीने पहले हड़ताल पर थेऔर 14 नवंबर 2022 को इनका हड़ताल खत्म हुवा उस समय से राजस्व कर्मचारी से लेकर अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक इन सभी के लॉगिन में एक हजार से भी ज्यादा प्रमाण पत्र लॉगिन में रुके हुए है। 2 महीनों से स्टूडेंट आस लगाए बैठे है। कब सत्यापन होगा मेरा प्रमाण पत्र, क्योंकि किन्ही को स्कॉलर भरनी है तो किहीं को सरकारी जॉब के लिए प्रमाण पत्र जरूरी है चतरा जिले के सात ब्लॉक में पत्थलगड़ा इकलौता ब्लॉक है। जो अभी तक इतना प्रमाण पत्र पेंडिंग पड़े हुए हैं। इस पर प्रखंड के सभी पंचायत के प्रखंड के मुखिया, जिला परिषद्, प्रमुख, पंचायत, समिति सभी को संज्ञान में लेना चाहिए आखिर क्यों नहीं सत्यापन किया जा रहा है। स्टूडेंट का परेशानी देखा जाय।

### दुआरी गांव में अज्ञात चोरों द्वारा कई घरों चोरी, भुक्तभोगीयों ने कराया मामला दर्ज

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव में 16 जनवरी के देर रात अज्ञात चोरों के द्वारा चार घरों में लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर भाग गए। बताते चलें कि प्रदीप यादव पिता सूरज यादव के घर से 35000 नगद डेढ़ लाख रुपए की गहना जेवर कपड़ा व अन्य सामान ले भागे। निर्मल यादव के घर से गहना जेवर नगद बर्तन वगैरह ले भागे।डब्लू यादव उर्फ भोली यादव के घर से नगद 200000 एवं सोने चांदी गहना जेवर व अन्य सामान ले भागे। जगदेव यादव के घर से नगदी 20000 सोना चांदी जेवरात के ले भागे। मालूम हो कि लगभग चारों घरों से तकरीबन 6 से 7 लाख की संपत्ति अज्ञात चोरों ने उड़ा ले गए।

### सडक दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत, अन्य घायल

**मयुरहड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के करमा स्थित दनदहा घाटी के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। वहीं अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। दोनों युवक अपाची मोटरसाइकिल नंबर जेएच 02 बी ई 4996 पर सवार होकर हज़ारीबाग़ से इटखोरी जा रहे थे। जानकारी के अनुसार दनदहा घाटी में तीखे मोड होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगभग दस फीट नीचे दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिसमें 25 वर्षीय बब्लू केशरी पिता सुखदेव प्रसाद केशरी थाना क्षेत्र के हुसिया गाँव के युवक की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई। वही राहुल कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक को राहगीरों द्वारा एम्बुलेंस से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटना की सुचना पाकर प्रभारी थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह व अवर निरीक्षक श्रीराम पंडित घटना स्थल पहुंच मृतक का शव अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया।बताते चले कि दनदहा घाटी में तिखा मोड होने के कारण अबतक लगभग दर्जनो युवकों की मौत हो चुकी है।दुर्घटना से बचाव को लेकर प्रखंड वासियों ने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से डाईवर्सन बनवाने की मांग वर्षो से करते आ रहे हैं पर किसी के कान पर जु तक नहीं रेंग पाया है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा सीएसपी बैंक का किया गया उद्घाटन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मैन चौक झारखंड राज ग्रामीण बैंक के समीप बैंक ऑफ बड़ौदा सीएसपी बैंक का उद्घाटन मंगलवार 17 जनवरी को जिला अध्यक्ष ममता कुमारी एवं उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काटकर के किया। बैंक संचालक संतोष कुमार दांगी ने बताया कि अब बैंक ऑफ बड़ौदा में जनधन से संबंधित खाता खुलवा कर तुरंत खाता नंबर ग्राहक पा सकते हैं। अब किसी भी प्रकार की बैंक से संबंधित समस्या का समाधान ग्राहकों को नहीं करना पड़ेगा। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## सांसद खेल स्पर्धा नेतरहाट में गिद्धौर से 15 खिलाड़ी होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार जिले के नेतरहाट में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है।18 जनवरी से 20 जनवरी तक चलने वाले सांसद खेल स्पर्धा में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल के सभी आदरणीय नेतागण सम्मानित कार्यकर्ता गण के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल समेत सभी गिद्धौर प्रखंड के जनप्रतिनिधि गण प्रखंड के सभी सम्मानित पत्रकार गण सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधि, प्रतियोगिता के लिए चयनित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों व प्रधानाध्यापक समेत गणमान्य लोगों को आमंत्रण पत्र दिया गया। मण्डल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा बबलू कुमार साव विकास कुमार आदि के द्वारा उक्त सभी को आमंत्रण पत्र देकर चतरा लोकसभा एथलेटिक्स मीट नेतरहाट में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए त्वरित गति से मामले का निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन से संबंधित मामले, आवास, राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। मौके पर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को समय समय पर अंचल दिवस एवं थाना दिवस का आयोजन कर मामले का निष्पादन अंचल स्तर पर करने का निर्देश दिया।बताते चले की सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।

## गणतंत्र दिवस मनाने एवं झंडोत्तोलन को ले प्रखंड सचिवालय में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय सभागार में गणतंत्र दिवस मनाने एवं झंडोत्तोलन करने को लेकर मंगलवार को बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में समय सारणी को लेकर चर्चा की गई। जिसमें प्रखंड कार्यालय में 9:00 बजे सिंगल विंडो में 9:20 बजे थाना परिसर में 9:30 बजे पंचायत सचिवालय गिद्धौर एवं सभी पंचायत सचिवालय में 9:30 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 9:45 बजे प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर10:00 बजे कस्तूरबा उच्च विद्यालय में 10:15 बजे समय निर्धारित की गई है। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल बीपीओ अजय कुमार सिन्हा जेएसएलपीएस बीपीएम अभिषेक कुमार प्लस टू गंगा स्मारक के प्रधानाध्यापक बृजेश सिंह कस्तूरबा विद्यालय वार्डन रेनू कुमारी पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा महेश मिस्त्री उज्जवल कुमार एवं अन्य विभाग के लोग उपस्थित थे।

# सांसद खेल स्पर्धा का आज से होगा आगाज

## ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे लेंगे भाग इस खेल में : अभिषेक केसरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 18 जनवरी से 20 जनवरी तक होगा। कार्यक्रम का आयोजन नेतरहाट में होगा। सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देशानुसार कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक सह भारतीय जनता युवा मोर्चा चतरा के जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के द्वारा चतरा ग्रामीण मे प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया गया। प्रेस मीडिया के बंधुओं को संबोधित करते हुए केसरी ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव कुमार सिंह- द्रोणाचार्य पुरस्कार से पुरस्कृत, पूर्णिमा महतो- भारतीय तीरंदाज रजत पदक, ज्योति सुरेखा- विश्व चैंपियन में तीन बार रजत पदक विजेता, हरभजन सिंह- बास्केटबॉल खिलाड़ी, बुधवा उरांव- अंतरराष्ट्रीय धावक सभी उपस्थित रहेंगे ।सांसद खेल स्पर्धा




निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक सराहनीय कदम है इस पहल को चतरा लोक सभा सांसद सुनील कुमार सिंह साकार करने में जी-जान से लगे हुए हैं खेल स्पर्धा को पूर्ण रूप से सफल बनाने में सांसद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र के युवा वर्ग को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक बेहतर मौका मिलेगा।ताकि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चे राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सके और अपने गांव समाज का नाम रोशन कर सकें प्रतियोगिता में प्रतिभागी भाला फेंक, गोला फेक, लंबी कूद, ऊंची कूद,100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर की दौड़ रिले रेस जैसे अन्य खेल मे भाग लेंगे एवं अपनी प्रतिभा को निखारेंगे। इस खेल में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के बच्चे शामिल होंगे इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा खिलाड़ियों के लिए बस की व्यवस्था की गई है तथा भोजन एवं आवासन की समुचित व्यवस्था नेतरहाट में किया गया है प्रेस कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चतरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, चतरा ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि विनोद सिंह, भाजपा जिला मंत्री शिवबालक सिंह, सांसद प्रतिनिधि, केदार दांगी, धर्मनाथ ठाकुर, सुबोध सिंह, दुलारचंद साहू उपस्थित रहे।

# पंसस की बैठक में संचालित योजनाओं का लिया गया जायजा दिए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की संयुक्त अध्यक्षता में पंसस की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कई विभाग के अधिकारी व कर्मियों के साथ सभी पंचायतों के पंसस की उपस्थिति रही। वहीं बैठक में अनुपस्थित वन विभाग और भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों पर प्रमुख सुशीला देवी के द्वारा नाराज़गी जताई गई और इसकी शिकायत जिले के उपायुक्त से करने की बात कही गई। जहां सदन के पिछले बैठक में सदन के द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर अनुपालन की प्रति सदन को उपलब्ध कराई गई। जहां सदन के द्वारा बिजली विभाग से खराब तार की मरम्मती करने और डबल कनेक्शन से उपभोक्ताओं की परेशानियों से राहत दिलाने की बात



पर विभाग के द्वारा बताया गया कि खराब तार की मरम्मती के लिए प्राक्कलन बनाकर जिला को भेज दिया गया है और डबल कनेक्शन उपभोक्ता का एक कनेक्शन काट दिए जाएंगे।उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल के द्वारा बताया गया कि प्रज्ञा केंद्र संचालक के द्वारा खाता खोलने में अधिक पैसा लिया जाता है इस पर संबंधित बैंक प्रबंधक को सदन के द्वारा सख्त आदेश दिया गया कि वैसे सीएसपी पर अंकुश लगाएं। बीडीओ राकेश सहाय ने प्रत्येक स्कूलों के दस वर्ष के उपर बच्चों को नेत्र जांच करने का आग्रह किया है। वहीं प्रमुख द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा पेशेंट से दुर्व्यवहार करते हैं इसपर सीएचसी प्रभारी को आदेश दिया गया कि ऐसे मामले पर कर्मियों को चिन्हित कर उचित कार्रवाई करें।उप प्रमुख के द्वारा सीएचसी प्रभारी से रोस्टर से संबंधित जानकारी की मांग सदन से की गई है। वहीं पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता को निर्देश दिया गया है कि प्रखंड के जितने भी जलमिनार खराब हैं उसे मरम्मती कराएं साथ ही ग्राम पंचायत के जलमिनार को भी दुरुस्त करें। इसके अलावा हर घर नल जल योजना अंतर्गत शतप्रतिशत घरों को अच्छादित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं बीडीओ ने सभी सीआरपी को अपने अपने स्कूल क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया है । वहीं बीईईओ के द्वारा सदन को बताया गया कि पोशाक की राशि बच्चों के खाते में भेज दिया जा रहा है ।उप प्रमुख ने सदन के माध्यम से विद्यालय डेवलपमेंट फंड की उपलब्धता प्रमाण पत्र की मांग बीईईओ से की गई है। इसके अलावा अन्य विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई। मौके पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण एवं प्रखंड कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंजू मोटरस रामगढ़ के तत्वावधान में लहू बोलेगा संस्था के नदीम खान रांची के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक के रूप में अलाउद्दीन खान, और शहनवाज आलम ,सामाजिक कार्यकर्ता अमल घोषाल, आरिफ कुरैशी,राजु अग्रवाल,पंकज सिंहा, कुनाल, जावेद इकबाल, रिया कुमारी, अंकिता कुमारी और स्मिता कुमारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर रामगढ़ के एसडीओ जावेद हुसैन , विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन प्रभात कुमार, रामगढ़ के प्रमुख व्यवसाई सह सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश बगड़िया मंजु मोटर्स के डायरेक्टर सह सामाजिक कार्यकर्ता शरद चौधरी, रामगढ़ ब्लड बैंक की एच ओ डी रेणु इस रक्तदान शिविर में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ के एसडीओ जावेद हुसैन ने कहा कि इस रक्तदान शिविर से हजारों लोगों की जान बच सके और जिसके लिए यह उत्साह वर्धक कार्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह एक इन्सानियत का जीता जागता उदाहरण है। बहुत ही उत्साह वर्धक कार्य है। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम होने चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे बढ़कर और कौन सा इन्सानियत का काम हो सकता है। लोगों को बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लेने चाहिए। तभी तो कहा गया है कि रक्तदान महादान। आइए और आप भी रक्तदान किजिए।

### रामगढ़ के विभिन्न वार्डों में विधायक मत से हुआ शिलान्यास

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ के वार्ड नंबर 4 सिद्धू कानू मैदान के पीछे जगदीश नगर में रोड का शिलान्यास किया गया वार्ड नंबर 4 बसंत विहार कॉलोनी रोड का शिलान्यास किया गया वार्ड नंबर 4 परसोतिया शिव मंदिर मे फाइबर ब्लॉक का शिलान्यास किया गया वार्ड नंबर 4 राजा गढ़ में साइड का शिलान्यास किया गया वार्ड नंबर 3 में न्यू कॉलोनी में रोड का भी शिलान्यास किया गया वार्ड नंबर 4 सिद्धू कानू मैदान के पीछे जगदीश नगर में रोड का शिलान्यास किया गया वार्ड नंबर 4 बसंत विहार कॉलोनी रोड का शिलान्यास किया गया वार्ड नंबर 4 परसोतिया शिव मंदिर मे फाइबर ब्लॉक का शिलान्यास किया गया वार्ड नंबर 4 राजा गढ़ में साइड का शिलान्यास किया गया वार्ड नंबर 3 में न्यू कॉलोनी में रोड का भी शिलान्यास किया गया 20 सूत्री अध्यक्ष दिनेश मुंडा एवं रामगढ़ के भावी विधायक बजरंग महतो , कांग्रेस पार्टी के आदिवासी जिलाध्यक्ष अनिल मुंडा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार यादव तारिक अनवर संजय साहू संतोष नायक मनोज कोटवार बब्बन राम किशोर कुशवाहा आनंद कुशवाहा सुनील कुशवाहा रंजीत कुशवाहा रामअवतार कुशवाहा सुरेंद्र दांगी अजय सिंह राजन करमाली संजू गुप्ता छोटेलाल राम ओमप्रकाश कुशवाहा गगन करमाली और रामगढ़ के सम्मानित जनता भी शामिल थे।

### रेलीगढ़ा में ग्रामीणों ने प्रबंधन को रास्ता बनाने से रोका

**गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलीगढ़ा एमपीआई में मंगलवार को सीसीएल प्रबंधन रेलीगढ़ा के द्वारा भारी मशीन से रास्ता बनवाने का कार्य किया जा रहा था। जिसे जानने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि पहले रेलीगढ़ा प्रबंधन हम ग्रामीणों को बसाने का कार्य करें। इसके बाद सड़क बनाने का कार्य हो। इस प्रकार बिना सूचना के ग्रामीणों के क्षेत्र में डोजर, पेलोडर ना चलाया जाए। वहीं सूचना मिलने के बाद रेलीगढ़ा प्रबंधन के पीओ समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी ने ग्रामीणों को समझाया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन और ग्रामीणों में बातें हो रही थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रबंधन 33000 बिजली खंभे को हटाने के लिए रास्ता बनाने का कार्य कर रहा था। लेकिन इसे लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई। मौके पर रेलीगढ़ा प्रबंधन के कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### 55 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा अंबेडकरनगर नव प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को कक्षा प्रथम से लेकर चतुर्थ तक के 55 छात्रों के बीच पाठ्य सामग्री कॉपी वितरण किया गया। अवसर पर समाजसेवी सह पार्षद 13 प्रतिनिधि रंजीत पासवान ने कहां कि पढ़ाई लिखाई की सुविधा से क्षेत्र का भविष्य बच्चों के रूप में खेलेगा। मौके पर प्रधानाध्यापक संजय प्रसाद, दीपक उरांव, इस्लाम अंसारी, प्रबंधन समिति के सदस्य व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 हेतु परीक्षा केंद्रों के चयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कुमारी नीलम ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में कुल 14487 विद्यार्थी माध्यमिक की परीक्षा में शामिल होंगे जिसके लिए जिले में कुल 55 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। वही इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 14018 विद्यार्थी शामिल होंगे जिसके लिए कुल 40 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है।बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने बच्चों के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने की सहूलियत व उचित यातायात की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों का चयन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं यथा पेय जल, शौचालय आदि की उचित व्यवस्था रखने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने किया उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुरुंगा के उन्नयन हेतु विविध कार्य का शिलान्यास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के गरसुल्ला पंचायत अंतर्गत सुदूर ग्रामीण छेत्र लुरुंगा में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर विधायक का ग्रामीणों एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर व पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना कर उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास से पूर्व विधायक की ओर से भूमि पूजन किया गया। गौरतलब है कि विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर डीएमएफटी मद से लगभग 50 लाख की लागत से विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य करवाया जा रहा है। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य होने से गांव के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल विद्यालय में बन पाएगा। बच्चों को विद्यालय में उत्तम शिक्षा के साथ-साथ बेहतर सुविधा व संसाधन मिलेगी।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के संबंध में कार्यशाला संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफ़ेसर कीर्ति नाथ महतो ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि अब डीजी लॉकर में अकाउंट खुलवाने के लिए सुविधा प्रदान किया गया है। जिससे बच्चों का सारा एकेडमिक सर्टिफिकेट, आई कार्ड, आधार, पेन कार्ड इत्यादि उसी डीजी लॉकर में रहेगा। छात्र कहीं भी इंटरव्यू में वही 12 अंकों का अकाउंट नंबर दिखाकर अपना इंटरव्यू पूरा कर सकते है। इस सुविधा से कोई भी सर्टिफिकेट नहीं छूटेगा, और ना ही कोई उसे चुरा सकता है मोबाइल चोरी होने पर भी सारा सर्टिफिकेट वही रहेगा। अब विश्वविद्यालय भी बच्चों का सारा सर्टिफिकेट इसी डीजी लॉकर में डाल देगा।

## अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी।अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम,एएनएम, जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के संयुक्त आहवाहन पर बीते सोमवार को झारखंड के 24 जिलों के अनुबंध पर काम करने वाले फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन, एएनएम,जीएनएम व लैब टेक्नीशियन कर्मियों ने झारखंड के मुख्यमंत्री आवास के घेराव में सम्मिलित हुए थे। परंतु मुख्यमंत्री से वार्ता नहीं होने के कारण मंगलवार से अनुबंधित पारा चिकित्सक कर्मियों ने राज्य कमेटी के आहवाहन पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। उसी बाबत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू के अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मीयों ने भी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे। इस दरमियान अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे अनुबंधित चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास घेराव के क्रम में करीब 2 घंटे तक सड़क पर बैठकर सरकार से वार्ता का बुलावे का इंतजार करती रही लेकिन बात नहीं बनी। तब राज्य कमिटी के आहवाहन पर हम सभी अपने अपने कार्यस्थल के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।

## व्यवसाई सुनील गुप्ता की मौत की हो सीआईडी जांच : डॉ आरसी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता मंगलवार को स्व सुनील मेहता के परिजनों से मिलें।उन्होंने झारखंड सरकार सीआईडी या अन्य जांच एजेंसी के द्वारा इस घटना की उचित जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।डॉ मेहता ने कहा की पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के साथ इनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए, क्योंकि इस परिवार में सुनील गुप्ता ही एकमात्र कमाऊ सदस्य थें। पीड़ित परिवार से मिलने वालों में कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव कोमल राज, दशरथ दांगी, सुशांत कुमार, गिरधारी महतो और अजय पासवान थें ।

## नगर निगम के घेराव की रणनीति को लेकर गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ की बैठक मंगलवार को हुई। अध्यक्षता राजेश कुमार गुप्ता और संचालन इम्तियाज ने की।श्री गुप्ता ने कहा कि नगर निगम अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। कमीशन खोरी का काम रहता तो जल्द से जल्द हो जाता लेकिन वेंडिंग जोन मार्केट निर्माण मे कमीशन खोरी की जगह नहीं है इसलिए वेंडर मार्केट का काम नही शुरू हो रहा क्योंकि यह गरीब फुटपाथ दुकानदारों का काम है। 20 तारीख को नगर निगम का घेराव होना तय है ।बैठक में रविंद्र महतो,विजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, मो समीम मो सलीम,महिला अध्यक्ष कुंती देवी, कर्मी तिर्की, प्रदीप कुमार, जय मंगल पांडे,रमेश चंद्रा समेत कई दुकानदार मौजूद थे।

## सीए की परीक्षा में सफलता पाने वाले जानिसार को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** मंगलवार को कल्पतरु परिसर में स्वागत सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हफुआ निवासी जानिसार अंसारी के सी ए परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आर एस एस के पूर्व क्षेत्र संघचालक सिद्धिनाथ सिंह एवम् विशिष्ट अतिथि एसएसवीएम के प्राचार्य रंजीत सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जानिसार की सफलता पर खुशी जताई साथ ही सिद्धिनाथ सिंह का भी आभार प्रकट किया और उन्हीं के ही मार्गदर्शन में जानिसार ने सफलता पायी है। इसलिए उनका विशेष धन्यवाद दिया गया। साथ ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और उसके प्राचार्य को भी धन्यवाद दिया इस अवसर पर सिद्धिनाथ सिंह ने कहा की यह जानिसार के परिश्रम का फल है। और मुस्लिम समाज के युवा इससे प्रेरणा लेकर ऐसी सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी वारिस खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि संजीत जी, शाहिद अंसारी, मुमताज अंसारी, एम रहमान, कलाम अंसारी, शौकत खान, सोनू खान, नेजाम अंसारी, वारिस अंसारी, कलाम अंसारी, आफताब अंसारी, मंसूर अंसारी, मुस्तफा अंसारी, इरशाद अंसारी, मुजीब अंसारी, हाफिज, मेंहदी हसन, ज़ब्बार अंसारी, छोटू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में हुआ रोजगार मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कल्याण गुरुकुल एवम लीड्स संस्था रांची के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में रोजगार मेला का आयोजन किया गया।जिसके तहत कौशल विकास के बारे में लोगों को मौके पर विभिन्न ट्रेडों, कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से पाने के अवसर, कौशल विकास से फायदे, कल्याण गुरुकुल में प्रशिक्षण प्राप्त करने आए युवक युवतियों को दी जाने वाली सुविधाओ आदि के बारे में विस्तृत रूप से प्रेझा फाउंडेशन गुरुकुल के अनुज कुमार झा के द्वारा जानकारी दी। लीड्स संस्था के प्रकाश कुमार ने बताया कि संस्था प्रवासी मजदूरों के लिए रामगढ़ जिले में काम कर रही है।इसके तहत वैसे युवक युवतियां जो पढ़ाई लिखाई छोड़ चुके हैं उनको अलग-अलग प्रशिक्षण संस्थाओं से जोड़कर कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर उनके रोजगार और स्वरोजगार का संस्था व्यवस्था करा रही है।साथ हीं साथ सरकारी परियोजना से वंचित लोगो को मदद कर रही है।उनके सामाजिक और आर्थिक विकास के बारे में कदम भी बढ़ा रही है। आगे उन्होंने ने बताया कि इस परियोजना के तहत संस्था मांडू और पतरातु प्रखंड में काम कर रही है जिसका उद्देश्य माइग्रेंट और प्रोन टू बी माइग्रेंट लेबर के साथ काम करना है। वहीं कल्याण गुरुकुल के प्रधानाध्यापक राज साह सोशल मोबिलाइजर मंटू प्रसाद निकिता आनंद सत्येंद्र रवि कुमार कटिया मुखिया किशोर कुमार महतो सुमन भारती गिरिजेश कुमार तथा विभिन्न पंचायत के मुखिया पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य एवं युवक-युवतियां इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## नीलकंठ तुरी बने युवा जदयू के जिला सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा जनता दल यूनाइटेड की एक बैठक जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विष्णुगढ़ के युवा नेता नीलकंठ तुरी उर्फ नीलू को हजारीबाग युवा जदयू का जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दशरथ राय एवं जदयू के वरिष्ठ नेता राजेंद्र मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रदीप रजक ने बताया कि युवा जदयू का संगठन हजारीबाग में निरंतर बढ़ रहा है, नीतीश कुमार के आदर्शों उनके विचारों को देखते हुए युवा वर्ग जदयू पार्टी से जुड़कर नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत कर रहे हैं।

आने वाले समय में युवा कार्यकर्ताओं के संघर्ष से हजारीबाग लोकसभा व विधानसभा 2024 के चुनाव में अपने प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। बैठक में विष्णुगढ़ से राजेंद्र मंडल, दशरथ राय, राजकुमार महतो, भुनेश्वर तुरी कटकमदाग प्रखंड से मोहम्मद तनवीर मोहम्मद, अब्बास मोहम्मद साहिल, दाढ़ी से छोटू महतो, मनोज राम, राकेश रजक उपस्थित थे।

## गरीबों असहायों का मसीहा बना केबी सहाय जनकल्याण फाउंडेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्वतंत्रता सेनानी एवं संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व कृष्ण बल्लभ सहाय के पौत्र एवं केबी सहाय जनकल्याण फाउंडेशन के संचालक आशीष सहाय के निर्देशानुसार चौपारण प्रखंड के बसरिया पंचायत में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों की बैठक में श्री सहाय ने कहा कि 31 दिसंबर को दादा श्रीकृष्ण सहाय की 125वीं जयंती पर तकरीबन 6सौ शुगर मशीन शुगर पीड़ितों के बीच वितरण किया गया है। केबी सहाय जनकल्याण फाउंडेशन के तहत 3 तीन वर्षो से लगातार हजारीबाग के ग्रामीण क्षेत्र हो चाहे वह शहरी क्षेत्र हो सभी जरूरतमंदों तक कपड़ा कच्चा अनाज शुगर मशीन कंबल स्कूल बैग वाटर बोतल पानी के अभाव में जी रहे ग्रामीणों को बोरिंग कराकर शुद्ध जल देने का कार्य हो या आर्थिक रूप से मदद हो निरंतर श्री सहाय हजारीबाग की जनता को हर संभव मदद कर रहे हैं। इसके अलावा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाली महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का स्थापना कर महिलाओं एवं युवतियों को निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण किया जा रहा है। जिसमें 36 महिलाओं को डायरेक्ट रोजगार से जोड़ा गया हैं। अब तक करीब 6सौ महिलाएं एवं युवतियां प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकीं हैं। 4सौ गरीब महिलाओं का निशुल्क रजिस्ट्रेशन किया गया है। जिसमें 40 महिलाएं। वर्तमान में प्रशिक्षण का कार्य कर रही है।

## विधायक निधि से बनवाएंगे भव्य सांस्कृतिक भवन : मनीष जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मंगलवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल कटकमदाग प्रखंड स्थित कटकमदाग पंचायत के ग्राम हाथामेढ़ी पहुंचे जहां उनका ज़ोरदार स्वागत फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर और अंग वस्त्र-ओढ़ाकर किया गया। ग्रामीणों ने एक स्वर में विधायक मनीष जायसवाल से सांस्कृतिक भवन निर्माण की मांग रखी।विधायक श्री जायसवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आप सांस्कृतिक भवन के लिए भूमि प्रतिवेदन और प्राक्कलन बनाकर लाइए जितनी राशि का आपका प्राक्कलन होगा उतनी राशि हम अपने विधायक निधि से स्वीकृत करेंगे। मंच संचालन भाजपा कार्यकर्ता दीपक पंडित ने और धन्यवाद ज्ञापन कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू ने किया ।

मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कटकमदाग के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र गुप्ता, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, ग्राम अध्यक्ष राजेश प्रजापति, लोकनाथ प्रजापति, योगेश्वर प्रसाद, ग्राम अध्यक्ष राजेश प्रजापति, जगन महतो, राजू यादव, किसून गोप, तुलसी महतो, विनोद प्रजापति, रामलाल प्रजापति, नरेश ठाकुर, बालेश्वर कुशवाहा, ईश्वर महतो, महावीर प्रजापति, दिनेश प्रसाद, उमेश राम, नागेश्वर ,अयोध्या कुशवाहा, महावीर ठाकुर, नरेश ठाकुर, भीखन महतो, इंद्र प्रजापति, लोकेश कुमार, आदित्य कुमार, प्रकाश प्रजापति, महेश प्रजापति, ज्ञानी प्रजापति, दिलीप कुमार, भैरो प्रजापति, रेणु देवी, अनीता देवी, चमेली देवी, गीता देवी, पार्वती देवी, सुलेखा देवी, सरिता देवी, जितनी देवी सहित अन्य गणमान्य मौजूद थें।

### सदर विधायक से मिले अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पंकज रजक

**हजारीबाग :** अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पंकज रजक ने मंगलवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके सेवा कार्यालय स्थित कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने पंकज रजक का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व सम्मान किया। मौके पर खेल के विकास को लेकर विधायक मनीष जायसवाल ने पंकज रजक के साथ लम्बी चर्चा परिचर्चा करने के साथ हीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बताया कि हॉकी की दुनिया में पंकज चमकता सितारा है और हजारीबाग सहित संपूर्ण झारखंड और हिंदुस्तान का नाम दुनिया में रोशन कर रहे हैं जो हमारे लिए बड़े ही गर्व की बात है।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# कोलफील्ड मजदूर यूनियन ने अरगड्डा जीएम से पोखरिया तटबंध बनाने, सड़क, स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर किया वार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे से मंगलवार को कोलफील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय प्रतिनिधि और सदस्यों ने मजदूरों के विभिन्न 18 सूत्री मांग समस्याओं को लेकर मुलाकात कर वार्ता किया। वार्ता में आमला अधिकारी गिरीश चंद्र, ईएंडएम अधिकारी संजीव कुमार झा, स्टाफ ऑफिसर गौरव तिवारी रहे। जबकि यूनियन की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष सचिव और विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहे। समस्याओं को क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत पांडे, सचिव पुरुषोत्तम पांडे ने



प्रबंधन के समक्ष रखा। जिसका निष्पादन को लेकर प्रबंधन ने आश्वासन दिया। यूनियन द्वारा उठाए गए विषयों में मजदूरों के 13 दिनों का वेतन 13000 काटने, अरगड्डा पोखरिया तटबंध निर्माण करने, सिरका ट्रीटमेंट प्लांट और गिद्दी फिल्टर प्लांट को अविलंब जीर्णोद्धार करने, गिद्दी ट्रैकर स्टैंड से हीरक रोड निर्माण जल्द करने, अरगड्डा क्षेत्र के संवेदनशील पदों पर वर्षों से जमे कर्मियों को हटाने, गिद्दी अस्पताल में महिला कर्मियों से सफाई कर्मी की तरह काम लेने पर तीखी बहस हुई। इधर महाप्रबंधक ने गिद्दी अस्पताल में खून एक्सरे जांच संबंधी वैकल्पिक व्यवस्था चालू करने, रेलीगढ़ा रोड सेल निर्माण कार्य तुरंत करने, विजिलेंस गाइडलाइन का पालन करने समेत कई विसंगतियों को दूर करने का आश्वासन दिया। इधर यूनियन सदस्यों ने मजदूरों के पेंशन फिक्सेशन, विधवा पेंशन, सेवानिवृत सुविधा में विलंब के मामले उठाए। इस पर भी जीएम ने एसओपी को जल्द पेंडिंग कार्यों को सूचीबद्ध कर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

# तिलेश्वर साहू सेना ने दही चूड़ा कार्यक्रम का किया आयोजन, आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भरी हुंकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही उज्जैना स्थित हाउस में तिलेश्वर साहू सेना ने दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को मकर संक्रांति की शुभकामना दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दही-चूड़ा, गुड़, तिलकुट आदि का भरपूर लुत्फ उठाया। इस दौरान तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू व उनकी माता साबी देवी ने कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। दही चूड़ा कार्यक्रम में शालिनी गुप्ता समेत कई नेता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अरुण साहू ने




आगामी विधानसभा चुनाव व संगठन मजबूती पर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हीं संगठन के रीढ़ हैं। किसी भी पार्टी में सदस्य ही संगठन का जान होता है। पार्टी सदस्य के बल पर ही उम्मीदवार कोई भी चुनाव जीत सकता है। तिलेश्वर साहू सेना के सदस्यों को चाहिए की वे संगठन मजबूत करने में अपना पूरा जोर लगाएं। जब पार्टी मजबूत होगी तो उससे जुड़ा प्रत्येक कार्यकर्ता मजबूत होगा। उन्होंने सदस्यों से कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को संगठन से जोड़े और बूथ कमेटी को मजबूत करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की मजबूती के लिए कई मुख्य बातें बताई। उन्होंने कहा कि अपने पिता तिलेश्वर साहू के सपने का बरही विधानसभा बनाने के इरादे के साथ इस आगामी विधानसभा चुनाव में उतरना है तथा गरीब, शोषित, युवा, दलित सभी प्रकार के जाति एवं समाज को एकसूत्र में जोड़कर कार्य करना है।

# आजसू पार्टी के द्वारा चुनाव पर चर्चा की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र वार्ड नंबर 09 मरार पंचायत भवन के प्रांगण में आजसू पार्टी के द्वारा चुनाव पर चर्चा एवं आजसू पार्टी संगठन को मजबूत करने एवं सुनीता चौधरी को आने वाले उपचुनाव में भारी से भारी मतों से विजय दिलाने के लिए सभी ने संकल्प लियाकार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा के प्रभारी तिवारी महतो विशिष्ट अतिथि रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो नगर परिषद सचिव राजेंद्र महतो नगर परिषद प्रवक्ता कैलाश महतो एवं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हुए वार्ड पार्षद शिव शंकर मिश्रा केंद्रीय सदस्य देवेंद्र प्रसाद जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार साहू




शिव शंकर प्रसाद सुजीत बेदिया गणेश साव, लोचन प्रसाद, पवन साव, नंदकिशोर प्रसाद, अशोक यादव, राजेश करमाली, दिनेश करमाली, महावीर करमाली, कुलदीप रजवार, अरविंद मिश्रा, रामाशीष करमाली, अजीत बेदिया, खिरु करमाली, रतन करमाली, अशोक मिश्रा, निर्मल मिश्रा, प्रवीण पांडे, मुन्ना यादव, शैलेश यादव, मनोज रजवार, शयम सुंदर रजवार, मणिलाल गोस्वामी, संजय प्रसाद, उमेश बेदिया, चमन रजवार, लक्ष्मण करमाली आदि थें ।

# खिलाडिक्स. कॉम ने शाह रुख़ ख़ान की अबू धाबी नाइट राइडर्स में जोड़ा एक्स फैक्टर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म खिलाडिक्स. कॉम ने यूएई में DPW ILT20 प्रतियोगिता के लिए अबू धाबी नाइट राइडर्स के साथ टीम के प्रमुख प्रायोजक के रूप में अपनी पार्टनरशिप की घोषणा की। इस पार्टनरशिप के साथ अब अबू धाबी नाइट राइडर्स के सभी टीम मेंबर की जर्सी पर दोनों तरफ खिलाडिक्स. कॉम की ब्रांडिंग होगी। अबू धाबी नाइट राइडर्स के साथ की पार्टनरशिप खिलाडिक्स. कॉम के ब्रांड की उपस्थिति, जागरूकता और रिकॉल को और बढ़ाएगी।खुद को एक प्रीमियम स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म के रूप में निर्मित करते हुए, खिलाडिक्स. कॉम का उद्देश्य सभी प्रकार के खेलों के लिए डेस्टिनेशन बनना है। अबू धाबी नाइट राइडर्स के साथ की गई पार्टनरशिप जर्सी ब्रांडिंग के अलावा भी खिलाडिक्स. कॉम के लिए सभी ब्रांडिंग अवसरों पर लोगो के माध्यम से बड़े पैमाने पर विजिबिलिटी प्रदान करेगी। खिलाडिक्स. कॉम के लिए यह पार्टनरशिप विश्व स्तर पर किसी क्रिकेट लीग के साथ पहली बार जुड़ने का प्रतीक है।

# चितरपुर महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर 31 जनवरी को कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** चितरपुर महाविद्यालय, चितरपुर में नई शिक्षा नीति 2020 पर आगामी 31जनवरी 2033 को कार्यशाला करने का निर्णय लिया गया। इस के लिए महाविद्यालय में शिक्षकों और शिक्षकोत्तर कर्मियों की बैठक हुई। जिसकी की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ संज्ञा ने की और संचालन प्रो शाहनवाज ख़ान ने किया। डॉ संज्ञा ने कहा कि नई शिक्षा नीति और महाविद्यालय के पाठ्यक्रम को शिक्षकों और विद्यार्थियों को समझना जरूरी है। इसके लिए शिक्षण संथाओं में कार्यशालाओं का आयाजन होना ज़रूरी है। अतः हम कार्यशाला आयोजन कर नई शिक्षा नीति एवं इसके जरिए शिक्षा प्रणाली में होने वाले नए बदलावों पर जानकारी देंगे। संचालन कर रहे प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था का पैटर्न तैयार किया



जाता है। उस शिक्षा व्यवस्था के पैटर्न को पूरे देश में लागू किया जाता है। इसलिए देश के सभी लोगों को समझना ज़रूरी है। इसी के तहत हमारे महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला से हम केवल शिक्षकों बल्कि छात्र-छात्राओं को भी जानकारी दे सकते हैं। आज की बैठक में कार्यशाला आयोजन समिति बनाई गई जिसका संयोजक प्रो शाहनवाज ख़ान और सह-संयोजक डॉ हीना कौसर को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी समिति में प्रो ज्योति कुमारी, प्रो कुर्रतुलएन, प्रो निरंजन महतो, प्रो निकहत परवीन और प्रो उत्तम कुमार को रखा गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रो. मनोज झा, प्रो निरंजन महतो, प्रो0 अंजनी करमाली, प्रो जूही उपाध्याय, प्रो0 अंजू कुमारी, प्रो0 फहमीदा नाज़, ज़फरुल हसन खान, राहुल कुमार आदि उपस्थिति थे।

# मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने निवेश के मौके प्रदान करने के लिए क्वांट फंड मेरिटोरक्यू फंड लॉन्च किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड, भारत की अग्रणी पोर्टफोलियो प्रबंधन कंपनी, ने खुदरा निवेशकों (रिटेल इनवेस्टर्स) को बेहतर रिस्ट-एडजेस्टेड रिटर्न देने के लिए डिज़ाइन किया गया एक खास क्वांट-आधारित फंड मार्सेलस मेरिटोरक्यू लॉन्च किया है।मेरिटोरक्यू को न्यूनतम 10 लाख रुपये के निवेश की आवश्यकता है। इस उत्पाद का उद्देश्य लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में 35-45 स्टॉक वाला एक डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो तैयार करना है। फंड को निफ्टी 500टीआरआई के समक्ष बेंचमार्क



किया जाएगा। यह पोर्टफोलियो आंतरिक रूप से विकसित नियम-आधारित प्रणाली पर बनाया गया है ताकि सूचीबद्ध शेयरों के एक बड़े यूनिवर्स से अच्छी गुणवत्ता वाली, कम मूल्य वाली कंपनियों की पहचान की जा सके।

# गंगासागर से स्नान कर वापस लौटे तीर्थयात्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के नारायणपुर, भराजो, अमनारी और झरपो से 72 तीर्थयात्रियों का जत्था 6 जनवरी को गंगासागर के लिए निकला था. 15 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर मकर स्नान कर घर वापस लौट आए हैं. सभी तीर्थयात्रियों का स्वागत झरपो बुधबाजार चौक दुर्गा मंडप प्रांगण में स्थानीय मुखिया शिबुप्रसाद सोनी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रविल प्रसाद ने माला पहनाकर किया. बता दे कि झरपो बुधबाजार दुर्गामंडप के प्रांगण से झरपो निवासी लक्ष्मी पाण्डेय के नेतृत्व में 6 जनवरी को जविप्र दुकानदार विजय प्रकाश मेहता, मालती देवी, मनोरमा देवी, बसुदेव महतो, मनोरमा देवी, हिरामन महतो, जगलाल महतो, पार्वती देवी, जयलाल महतो, नागों पासवान, तुलसी साव, चुरामन महतो, कमल महतो, नागों पासवान, जसवा देवी, रोहणी देवी, रामेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, दसों महतो समेत अन्य 72



तीर्थयात्रियों का जत्था लेकर रजरप्पा के छिनमस्तिके, पूरी, धवला गिरी, जगरनाथ पुर, मौसीबाड़ी, नागा बाबा, विक्टोरिया, तारामंडल, कालीघाट, तारापीठ, व गंगासागर में स्नान कर भक्त लौट आये झरपो में कौलेश्वर मिश्रा, सुरेश प्रसाद, शम्भू प्रसाद, सहित परिजनों ने स्वागत किया. और बैंडबाजा के साथ तीर्थयात्रियों को घर तक पहूँचाया।

# काजूबागान चपरी जंगल में अवैध कोयला खनन और ढुलाई का चल रहा है खेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** थाना गिद्दी क्षेत्र लगातार अवैध कोयला खनन व ढुलाई सुर्खियों में हैं। यहां के चपरी काजू बागान जंगल से प्रतिदिन अवैध खनन कर साइकिलो पर कोयले की ढुलाई बदस्तूर जारी हैं। सड़कों पर सुबह से देर संध्या तक कतारबद्ध होकर साईकिलो पर कोयलो के खेप आस-पास की ईट भट्ठो व रिहायशी इलाकों में जलाने के लिए पहुंचाएं जा रहे हैं। इन बोरो की कीमत करीब 300 से 500 रुपये के बीच होती हैं। इसे रोकने में सीसीएल प्रबंधन सुरक्षा विभाग और पुलिस बिल्कुल नाकाम हैं। सूत्र बताते हैं कि गठजोड़ कर अवैध खनन और ढुलाई का कार्य खुलेआम सड़कों पर किया जा रहा।

# विभिन्न समस्या को लेकर उपायुक्त को जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने सौपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ हजारीबाग के विभिन्न मांगो को लेकर बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य सह हजारीबाग जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने उपायुक्त हजारीबाग को लिखित आवेदन देकर अवगत करवाते हुए कहा कि उक्त आंदोलन कारी रसोइया संयोजिकाओ के उचित मांगो पर विचार विमर्श कर जल्द इनके समस्याओं का समाधान किया जाए। चूंकि उक्त गरीब महिलाओं द्वारा अल्प मानदेय को लेकर स्कूल के बच्चो को भूख मिटाने के लिए भोजन बनाती है, ऐसे में इनके घर में भी चूल्हा जले। इसका जिम्मेवारी हम जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, सूबे के मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों की बनती है।

# मुखिया नीलम देवी ने बच्चों के बीच किया पोशाक का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचमाधव पंचायत के जरहिया उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में मुखिया नीलम देवी ने बच्चों के बीच पोषाक वितरण किया। इस दौरान पोशाक पाकर छात्र काफी खुश नजर आए। मौके पर मुखिया नीलम देवी ने कहा कि इससे छात्रों में शिक्षा के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ेगी। शिक्षा से ही स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को हरसंभव अपने कर्तव्यों का पालन कर बच्चों को बेहतर शिक्षा देंने एवं अभिभावकों से बच्चों को साफ सुथरा पोषाक पहनाकर समय से स्कूल भेजने की अपील की। मौके पर प्रधानाध्यापक, शिक्षक, समाजसेवी एवं अभिभावक उपस्थित रहें।

# 19 को जिला के सभी पसंस की होगी बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** जिले भर के सभी पंचायत समिति सदस्यों का महाजुटान 19 जनवरी को हजारीबाग में होनेवाला है। इसकी जानकारी प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष संतोष मंडल ने दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न हुए लगभग 7 महीना हो चुका है ,लेकिन पंचायती राज अधिनियम 2001 में उल्लेखित अधिकार हमें नहीं मिल रहा है। आज तक पंचायत समिति सदस्यों का न तो प्रशिक्षण हुआ और न कोई अधिकार मिल रहा है। इन्हीं सब समस्याओं को लेकर महाजुटान होगी।

ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2, धुर्वा, रॉची

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/78/2022-23 दिनांक- 17/01/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | पुराना जेल चौक रॉची स्थित भूतपूर्व माननीय मुख्य मंत्री श्री अर्जुन मुण्डा आवास, पुराना सर्किट हाउस के पुलिस बैर एवं आउट हाउस में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं बदलीकरण का कार्य। | 15,88,486=00 | 5,000=00 | 32,000=00 | 21 दिन |
| II | हजारीबाग झील के समीप 4 अदद् E टाईप आवास ब्लॉक A में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 10,65,384=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 21 दिन |
| III | व्यवहार न्यायालय जमषेदपुर परिसर स्थित न्याय सदन भवन में विद्युत विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 12,69,624=00 | 2,500=00 | 26,000=00 | 21 दिन |
| IV | व्यवहार न्यायालय हजारीबाग परिसर स्थित ई0 सेवा केन्द्र, 4 अदद् सनत्री पोस्ट, पी0डी0जे0 कार्यालय में विद्युत अधिष्ठापन के विषेष मरम्मति एवं विभिन्न भवनों हेतु एल्युमिनियम आर्मड केबल सोलर लाईट हेतु विद्युत अधिष्ठापन का मरम्मति कार्य। | 27,23,213=00 | 5,000=00 | 55,000=00 | 21 दिन |
| V | हजारीबाग स्थित जिला एवं सत्र न्यायाधीश आवास के बाहरी एवं आन्तरिक विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 14,78,305=00 | 2,500=00 | 30,000=00 | 21 दिन |
| VI | इंदिरा गॉधी स्कूल, हजारीबाग मे विद्युत अधिष्ठापन के विषेष मरम्मति कार्य एवं मेन क्यूबिकल पैनल, एवं विभिन्न हॉस्टल भवन, पाकशाला, मोटर रूम एवं कार्यालय में सर्विस केबल अधिष्ठापन का कार्य। | 14,44,807=00 | 2,500=00 | 30,000=00 | 21 दिन |
| VII | डोरडा रॉची स्थित F टाईप बंगला नं0 5 माननीय स्वास्थ्य मंत्री, झारखण्ड सरकार के आवास में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति एवं बगीचा लाईट, गेट लाईट, स्ट्रीट लाईट, सर्विस केबल के अधिष्ठापन का कार्य। | 14,25,502=00 | 2,500=00 | 29,000=00 | 21 दिन |
| VIII | कॉके रोड़ रॉची स्थित मुख्य न्यायाधिश आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति, अतिरिक्त एवं बदलीकरण का कार्य। | 17,34,471=00 | 5,000=00 | 35,000=00 | 21 दिन |
| IX | धुर्वा, रॉची स्थित ज्यूडिषियल एकेडमी के परिसर स्थित विभिन्न भवनों में अधिष्ठापित स्पलीट, कैसेट एवं डकटेबल वातानुकूलित संयंत्र के सर्विसिंग एवं रिपेयरिंग का कार्य। | 10,74,265=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 21 दिन |
| X | दिनदयाल नगर रॉची स्थित आ0डी0सी पूल के आवास (श्री सान्तनु अग्रहरी, भ0प्र0से0, श्री भूनेश प्रसाद, भ0 प्र0 से0 एवं एम0एल0ए0 भूषण बाडा आवास) के आन्तरिक एवं बाहरी विद्युत अधिष्ठापन विशेष मरम्मति का कार्य। | 15,82,776=00 | 5,000=00 | 32,000=00 | 21 दिन |
| XI | कचहरी चौक रॉची स्थित अभियन्त्रण भवन में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 34,33,430=00 | 5,000=00 | 69,000=00 | 21 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.01.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 25.01.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 30.01.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 31.01.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651-2490069 | | | |

नोट :- निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 287739 Energy (22-23)_D

Government of Jharkhand
JHARKHAND STATE AGRICULTURE DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
1ST FLOOR, KRISHI BHAWAN, KANKE ROAD, RANCHI - 834 008, JHARKHAND.
E-MAIL: jsadc2017@gmail.com CIN: U01403JH2016SGC003449

आवश्यक सूचना

झारखण्ड राज्य कृषि विकास निगम लिमिटेड के विज्ञापन संख्या PR No.-275694 दिनांक-17.08.2022 द्वारा प्रकाशित लिपिक-सह-रोकड़पाल के संविदा आधारित नियुक्ति के संबंध में प्राप्त आवेदन की समीक्षा जाँच समिति द्वारा की गई। जाँचोपरान्त साक्षात्कार योग्य अभ्यार्थियों की सूची समेति के वेबसाईट (www.sameti.org) पर अपलोड किया गया है। साक्षात्कार योग्य अभ्यार्थियों की सूची निम्न है:-

| क्र. सं. | अभ्यर्थी का नाम | पूर्ण पता |
|---|---|---|
| 1 | SRI NITISH KUMAR BHARDWAJ | C/O SANJEEV RANJAN, SHIVAJI NAGAR DUMARDAGGA, BOOTY MORE RANCHI JHARKHAND 834009 |
| 2 | SRI SATYA PRAKASH | PLOT NO-265/266 A KHATA NO -51, NEW ANANDPUR, KHIJRI, NAMKUM, RANCHI JHARKHAND-834010 |
| 3 | SRI LAXMI NARAYAN MISHRA | C/O CA J.P. SHARMA MANMOHAN SINGH & CO. (CHARTERED ACCOUNTANTS) OPP. DR. KRISHNA KUMAR 2, EAST JAIL ROAD, RANCHI JHARKHAND-834001 |
| 4 | SRI VISHAL JALAN | T.P. GHOSH COMPUND HINDPIRI 3RD STREET RANCHI JHARKHAND-834001 |

उपरोक्त अभ्यर्थी अपने आवेदन में संलग्न किये गये प्रमाण पत्र का मूल प्रमाण पत्र के साथ दिनांक-20.01.2023 को 12.00 बजे अपराह्न में कृषि भवन, काँके रोड, राँची के चतुर्थ तल पर साक्षात्कार हेतु ससमय उपस्थित होंगे।

Sd/-
Manager Administration
Jharkhand State Agriculture Development Corporation Limited

PR 287636 Agriculture (22-23)_D

e-Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle,Line Tank Road, Ranchi

e-Procurement Notice (Very Urgent)

Tender Reference No.-BCD/SECNC/26/BCD, Building Div. No.-1, Ranchi/2022-23 Date:-17-01-2023

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वेबसाईट में निविदा प्रकाषन की तिथि | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Maulana Azad Senate Hall at In Ranchi University Campus at Sahid Chowk, Ranchi for the Year 2022-23 | Rs.92,13,000.00 | 4 (Four) Months | 27.01-2023 | 02.02.2023 11:00 AM | 02.02.2023 11:30 AM | 03.02.2023 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

○ इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना / बदलाव / संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।
*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.*

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल, राँची

PR287695 (Building Construction Dept Chotanagpur Circle )22-23*D

## एस बी पब्लिक हाई स्कूल के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एस. बी. पब्लिक हाई स्कूल सासरखो गिरीडीह ने अपनी 12 वी स्थापना दिवस समारोह को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप प्रधानाध्यापक अनिल कुमार शर्मा ने कर रहे थे बतौर मुख्यातिथि सासरखो पंचायत के मुखिया कमलपति मंडल एवम विशिष्ट अतिथि में पूर्व पंसस लालमणि सिंह, राजकुमार सिंह,उप मुखिया प्रतिनिधि, अम्बिका प्रसाद, उमेश पांडेय, प्रधानाध्यापक संजीत कुमार, सभी शिक्षक शिक्षिका ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्जलित एवम फिता काटकर किया ततपश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बताते चले कि इसी दिन वर्ष 2011 को इस सुदूरवर्ती इलाका जो डुमरी प्रखड़ के उत्तराखंड के नाम से जाना जाता है जहाँ 12 वर्ष पूर्व शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा था यहाँ के कुछ बुद्धिजीवी वर्ग के प्रेरणा लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य सह डारेक्टर संजीत कुमार ने अपने पिछड़े इलाका को शिक्षा से जोड़वाने के उद्देश्य से विद्यालय की स्थापना की आज इस क्षेत्र के एक मात्र गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा संस्थान है जो बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए जाना जाता है बताते चलें कि आज यह विद्यालय वर्ग nur से दसवीं तक कि कक्षाएं संचालित की जा रही है जिसमें पिछले 5 वर्षो से इस विद्यालय के बच्चों की परिणाम काफी उच्च प्रतिशत की रही है आज इस विद्यालय में लगभग 450 बच्चे अध्ययनरत हैं जिसमें लगभग 12 शिक्षक, शिक्षिका पठान पठान में कार्यरत्त हैं। आज स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई थी जो आश्चर्यजनक था कि इतनी कम उम्र के बच्चे ने ये बनाया होगा इस पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीत कुमार ने कहा कि ये बच्चे की मेहनत और लगन है हमारे शिक्षक शिक्षिका की मार्गदर्शन का फल है जो आज बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ।

## एसएसवीएम में परिक्षा पे चर्चा 20 जनवरी को

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में बैठक किया गया। वही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर छात्र छात्राओं के बीच कला एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी को किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य शिवकुमार चौधरी के साथ बैठक किया गया। मौके लर कार्यक्रम का प्रभारी प्रभारी प्रो विनीता कुमारी, युवा मोर्चा भाजपा के गिरिडीह जिला अध्यक्ष रंजीत राय, भाजपा नेता संजीव कुमार साथ में भाजपा नगर संयोजक समीर दीप उपस्थित थे।

## पुलिस और सीआईएसएफ की संयुक्त छापेमारी से भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तेतुलमारी पुलिस और सीआईएसएफ की संयुक्तअवैध कोयले पर अहले सुबह से छापेमारी जारी है, छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध कोयला और एक टेंपो को पुलिस ने जब्त किया है, मामला तेतुलमारी थाना क्षेत्र के पांडेडीह 6 नंबर का है।

## उदय का रात्रि कंबल वितरण अभियान ठंड से ठिठुरते लोगों को दे रहा राहत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार देर रात्रि उदय प्रताप सिंह अपने शीतकालीन सहायता सेवा कर्ताओं टीम के साथ शहर में कंबल वितरण अभियान के तहत का भ्रमण पर निकले और पुराना बाजार काली मंदिर के समीप संध्या से रात्रि तक साग-सब्जी बेच अपने परिवार का जीवन यापन करने वाली निमियाघाट पोखरिया एवं दूर-दराज के गांवो से आने वाली महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया। इस बढ़ती ठंड में कंबल उन महिलाओं द्वारा एक पत्रकार को गुजारिश की गई थी कि इस ठंड में हमें अभी तक कोई कंबल कहीं से नहीं मिला और ना ही कोई अलाव की व्यवस्था है। इस ठंड में हम बहुत कष्ट में हैं।इसकी सूचना पाकर उदय प्रताप सिंह पुराना बाजार पहुंचे और सभी सब्जी बेचने वाली ग्रामीण महिलाओं को कंबल वितरित किया कंबल पाकर महिलाओं ने उन्हें खूब आशीर्वाद दिया। तथा साथ ही रात्रि में उदय प्रताप की टीम ने रणधीर वर्मा चौक हनुमान मंदिर, हरि मंदिर रोड के समीप रिक्शावालो और ठेले वालों को भी कंबल वितरित किया। उदय प्रताप सिंह ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है। मनुष्य की तन मन हृदय से सेवा करने की जज्बा है मुझे जो मेरे माता-पिता का दिया संस्कार है कि जब भी ठंड आता है मैं चौक चौराहों में ढूंढ कर जरूरतमंदों को कंबल का वितरण करता हूं। करीब 500 के करीब कंबल मैं हर वर्ष रात्रि में जरूरतमंदों को ठंड से कांपते ठिठुरते लोगों को ढूंढ कर बांटता हू जिससे मुझे आत्म संतुष्टि मिलती है ।

## नेशनल बैंच प्रेस चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित विभागीय क्रीड़ा संकुल में चल रहे नेशनल बेंच प्रेस (इक्विप्ड) प्रतियोगिता में में झारखंड के खिलाड़ियों का जलवा बरकरार रहा। झारखंड में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर व 1 एक ब्रॉन्ज आया जिसमें धनबाद कतरास के रहने वाले मो शकरुद्दीन शाह ने 59 वर्ग में गोल्ड लिया वही रांची निवासी सोनू शर्मा को ब्रोंच मेडल, 66 किलो वर्ग में धनबाद कतरास निवासी अभिषेक सिंह को सिल्वर, मास्टर के 66 किलो वर्ग में बिनोद पात्रा को गोल्ड मैडल, 66 किलो वर्ग के मास्टर 3 से हरदीप सिंह ने गोल्ड मेडल, 83 किलो वर्ग में इंद्रजीत सिंह ने गोल्ड, महिला वर्ग के सब जूनियर के 57 किलो वर्ग ऋतु सिंह सिल्वर मैडल जीतकर झारखंड का मान सम्मान बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर रांची व धनबाद से विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी गयी।



झारखंड के खिलाड़ियों ने बैंच प्रेस प्रतियोगिता में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज मैडल जीत कर बढ़ाया झारखंड का मान

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरिडीह जिला आगमन को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण

- मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए गश्ती दल, कार्यपालक दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति की गई है।
- पूरे जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम किया गया है।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरिडीह जिला आगमन को लेकर सभी प्रकार प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालक दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों एवं गश्ती दल तथा चिकित्सा दलों की प्रतिनियुक्ति भी की जा चुकी है।इसके अलावा पूरे जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। सभी पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को उनके कर्तव्य एवं दायित्व से अवगत कराया गया है। दिनांक 18.01.23 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली विभागीय समीक्षा तक बैठक को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इसके अलावा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को सुरक्षात्मक पहलू पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। ताकि मुख्यमंत्री के आगमन में किसी प्रकार की कोई कठिनाई उत्पन्न नहीं हो। इसके अलावा जिला नियंत्रण कक्ष में विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## नक्सली कृष्णा हांसदा की निशानदेही पर छापा दो लाख नकद समेत अन्य समान बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले के पारसनाथ जोन में सक्रिय 15 लाख के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने छापेमारी की है। अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर भारी मात्रा में नक्सली वर्दी, नकदी समेत कई सामग्री बरामद की गयी है। इसके अलावा कृष्णा के पास से लेवी के रूप में वसूले गए करीब दो लाख रुपये बरामद किए गए हैं।

नक्सली कृष्णा हांसदा की निशानदेही पर अभी भी पारसनाथ के इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर गिरिडीह एसपी अमित रेणु ने प्रेस कांफ्रेंस कर कृष्णा हांसदा को मीडिया के सामने पेश किया और मामले को लेकर जानकारी दी।

### रन फॉर सेफ्टी के साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन

## डीडीसी, ग्रामीण एसपी ने लोगों से की यातायात नियमों का पालन करने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक होते हुए पुनः सिटी सेंटर तक रन फॉर सेफ्टी का आयोजन कर सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन हुआ। इस मौके पर डीडीसी ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो जाती है। इसलिए वाहन चलाते समय लोगों को हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को गोल्डन आवर में बचाने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय अपनी और राहगीरों की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करने की अपील की गई। इस मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश, ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविन्द कुमार, डीएसपी मुख्यालय-1 अमर कुमार, ट्राफिक डीएसपी राजेश, कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार बंधु, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप, सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील तथा परिवहन विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मी मौजूद रहे।

## अवैध हथियार आपूर्ति करने वाले को गिरफ्तार करने में पुलिस कामयाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** थाना पुलिस ने हथियार को अवैध हथियार सप्लायर को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। गिरफ्तार अपराधी सुनील यादव बेंगाबाद के बघरा गांव का रहने वाला है। सुनील यादव पिछले कई महीनों से पुलिस की आंखो में धूल झोंक कर अपने ससुराल जामबाद गांव में रह रहा था। जबकि इसके खिलाफ बेंगाबाद थाना में थाना कांड संख्या 277/22 दर्ज था। वैसे हथियार सप्लाय के इस मामले में सुनील यादव के साथ उसके कई और सहयोगी भी शामिल थे जिसमे से कुछ अपराधियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी थी। जबकि यह अपराधी सुनील यादव अपने ससुराल में छिप कर रहा था। इसी क्रम में सोमवार की शाम पुलिस को जब गुप्त सूचना मिली तो पुलिस ने इसे इसके ससुराल से गिरफ्तार किया। पूछताछ में इस अपराधी ने अपना गुनाह कबूला भी है कि यह कई अपराधियों को अवैध हथियार की आपूर्ति किया करता था। सड़क लूट, डकैती जैसे घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों को सुनील यादव अपने सहयोगियां के साथ हथियार की आपूर्ति किया करता था।

## मुखिया ने किया शिकायत तो किया अभद्र व्यवहार



**एमपीएल/निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला अन्तर्गक्त निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत निरसा मध्य पंचायत मुखिया रीता देवी ने निरसा प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार राय को एक लिखित शिकायत दी है। साथ ही उस लिखित शिकायत की प्रतिलिपी निरसा थाना प्रभारी को भी दिया है। अपनी शिकायत में मुखिया रीता देवी ने कहा है कि निरसा मध्य पंचायत भवन कैंपस में सरकारी जमीन पर सत्यव्रत भारती द्वारा अवैध रूप से शौचालय निर्माण करवाया जा रहा है , जब इसका विरोध हमने किया तो हमारे साथ सत्यव्रत ने अभद्र व्यवहार किया।

## सुविधा केंद्र के एक वर्ष पूर्ण होने पर किया गया सालगीरा का आयोजन



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोकारो सेक्टर4 में एंजेल वन जी.एस.टी सुविधा केंद्र के 1 वर्ष पूर्ण होने पर एंजेल वन के सदस्य शाहिद एवं जिलानी ने सालगिरा का आयोजन किया। जिसमे मुख्य अतिथि बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री सह कांग्रेस नेता रणविजय सिंह उपस्थित हुए। संस्था के सदस्यों ने रणविजय सिंह का स्वागत बुके एवं मोमेंटम देकर किया और सिंह ने केक काटकर सदस्यों को शुभकामनाएं दिया।

## रंगदारी मामले में पुलिस का रिमांड आवेदन बढ़ा सकता है विधायक ढुल्लू महतो की परेशानी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की रिवीजन याचिका पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई हो सकती है। यदि ढुल्लू महतो के क्रिमिनल रिवीजन में जमानत हो भी जाती है तो रंगदारी मामले में प्रोडक्शन वारंट उनके जेल से निकलने में बाधा बन सकता है। सरकारी काम में बाधा डालने सहित पुलिस की वर्दी फाड़ने के मामले में विधायक 9 जनवरी से धनबाद जेल में बंद हैं। वहीं व्यवसाई से 10 लाख रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने रिमांड करने का आवेदन दिया है। एमपी एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने आवेदन पर प्रोडक्शन वारंट जारी करने का आदेश दिया है।

## सरकारी जमीन लिखा बोर्ड उखाड़ कर जमीन बेचने की जनता दरबार में आई शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्या के निराकरण हेतु आवेदन दिए। जनता दरबार में पंडुकी से आए ग्रामीणों ने बताया कि वहां 25 एकड़ सरकारी भूमि है। जिस पर सरकारी जमीन का बोर्ड जिला प्रशासन द्वारा लगाया गया था। परंतु कुछ भू-माफिया सरकारी जमीन लिखा बोर्ड उखाड़ कर फर्जी कागजात बनाकर उक्त जमीन को बेच रहे हैं। वहीं निरसा में खटाल हाई स्कूल के पास सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा कर घर निर्माण करने की शिकायत प्राप्त हुई। स्टील गेट सरायढेला से आए एक व्यक्ति ने परिजनों द्वारा धोखाधड़ी कर उनकी कुसुमदाहा (बगुला) में बहुमूल्य जमीन को औने पौने दाम पर बेचने की शिकायत करते हुए उक्त खरीद बिक्री की डीड और म्युटेशन को रद्द करने का आवेदन दिया। इसके अलावा जनता दरबार में अन्य शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## धनबाद मंडल के अनपरा-करैला रोड-मिर्चाधूरी स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 04 ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** धनबाद मंडल के अनपरा-करैला रोड-मिर्चाधूरी स्टेशनों पर दोहरीकरण एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग हेतु एनआई कार्य के कारण 04 ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से की जायेगी - 1.दिनांक 17.01.2023 एवं 18.01.2023 को जबलपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग कटनी साउथ-प्रयागराज छिवकी-चुनार-चोपन के रास्ते की जायेगी । 2.दिनांक 17.01.2023 एवं 18.01.2023 को हावड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग चोपन-चुनार-प्रयागराज छिवकी-कटनी साउथ के रास्ते की जायेगी। 3.दिनांक 18.01.2023 को अहमदाबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा-कटनी-सतना-प्रयागराज छिवकी-चुनार-चोपन के रास्ते की जायेगी ।

4.दिनांक 18.01.2023 को भोपाल से खुलने वाली गाड़ी सं. 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा-कटनी-सतना-प्रयागराज छिवकी-चुनार-चोपन के रास्ते की जायेगी ।

## पैक्स, व्यापार मंडल को वर्किंग कैपिटल उपलब्ध कराने के लिए बैठक संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) के तहत विभिन्न प्रखंडों में कृषि कार्य कर रहे पैक्स, व्यापार मंडल व नोडल लैम्पस को वर्किंग कैपिटल उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न प्रखंडों में कृषि कार्य कर रहे ।

# नाले में मिला 60 वर्षीय व्यक्ति का शव

### -कुमारधुबी निवासी कृष्णा साव के रूप में हुई पहचान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के कापासारा वर्कशाप समीप नाले में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आसपास के दर्जनों लोग नाले के समीप पहुंचकर शव की पहचान करने के प्रयास में लगे हुए थे। परंतु किसी ने शव की पहचान नहीं कर पाई है। घटना की सूचना मिलते ही गलफरबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची तथा आसपास के लोगों से इस संबंध में जानकारी प्राप्त की। घटना कैसे हुई यह कोई बता नहीं पा रहा था। सभी ने आशंका जताया कि रात में मृत व्यक्ति शराब के नशे में शौच करने के लिए नाले के समीप गया होगा और उसमें गिर गया होगा। जिसके कारण उसकी मौत हो गई होगी। इधर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की तफ्तीश में जुट गई है। वही गल्फरबाड़ी ओपी प्रभारी संजय उरांव ने बताया कि मृत व्यक्ति की पहचान कृष्णा साव 60 वर्षीय कुमारधुबी मैथन मोड़ निवासी के रूप में हुई है। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## बिरनी : थाना परिसर में पुलिस पब्लिक समन्वय की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** मंगलवार को बिरनी थाना परिसर में सुबह 11 बजे सरिया बगोदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम की अध्यक्षता में पुलिस पब्लिक समन्वय हेतु एक आम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखण्ड क्षेत्र के वर्तमान एवं भूतपूर्व प्रमुख, उप प्रमुख, बीस सूत्री के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, सभी जिला परिषद सदस्यों, प्रखण्ड स्तरीय सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड सदस्य एवं शांति समिति के सभी सम्मानित सदस्यों, के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता, प्रत्येक गांव एवं मोहल्ला के सक्रिय नौजवानों एवं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मिडिया के लोगों को आमंत्रित किया गया था. इस बीच थाना प्रभारी श्री अमरजीत सिंह ने विगत माह से थाना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए इस पर लगाम लगाने की बात दोहराई. उक्त बैठक में प्रखंड सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव, खाद्य आपूर्ति विभाग सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, भाजपा नेता नारायण पांडेय, उपप्रमुख शेखर शरण दास, सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, पुर्व प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह, तुलसी यादव समेत विभिन्न पंचायतों के दर्जनों जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## छात्रवृति पोर्टल को जल्द से जल्द खोला जाय : इमरान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** झारखण्ड में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति पोर्टल खोलने को लेकर मांग तेज हो गयी है द्ब ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा ) के बगोदर प्रखंड उपाध्यक्ष इमरान नजीर ने कहा है की सरकार छात्रवृति पोर्टल को जल्द से जल्द खोला जाय, इमरान का कहना है की 2022-23 सत्र खत्म होने वाला है लेकिन अभी तक पोर्टल को चालु नहीं किया गया है, पहले ये पोर्टल अगस्त तक चालू हो जाता था लेकिन इस बार अभी तक चालू नहीं किया गया है अगर अभी भी पोर्टल को चालु नहीं किया जाता है तो हजारो छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में जा सकता है क्यूंकि झारखण्ड ऐसे भी एक गरीब राज्य है तो यहाँ के गरीब छात्र-छात्राए छात्रवृति के मदद से ही अपना पढाई जारी रखते है द्ब इमरान नजीर ने सरकार से सीधा कहा है की अगर जल्द से जल्द पोर्टल को चालू नहीं किया गया तो आइसा हजारो छात्र-छात्राओं के साथ बड़े आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी ।

## संक्षिप्त खबरे

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत गांव स्थित ऊपर टोला बने बजरंगबली मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर गांव में भव्य तरीके से सोमवार 16 जनवरी को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों भक्त कलश यात्रा में शामिल हुए।यज्ञ का प्रारंभ कलश स्थापन एवं विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया जा रहा है।18 जनवरी को हनुमान जी की प्रतिमा को स्थापित कर विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा पूजा कर समापन किया जाएगा। कलश यात्रा में शामिल गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी उपेंद्र दांगी प्रमोद दांगी शिव शंकर दांगी महेंद्र दांगी राजू दांगी प्रमोद दांगी नरेश दांगी व सैकड़ों कलश धारी

# राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम को लेकर बैठक की गई

➲ अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध 19 से 25 जनवरी तक चलाए महा अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बताते चले कि पूर्व के बैठक में सीसीएल प्रबंधन को निदेशित किया गया था कि सीसीएल क्षेत्र अंतर्गत आवश्यक सभी स्थानों यथा रेलवे साईडिंग/ कॉटाघरों/ सीसीएल चेकगेट/ सीसीएल आवागमन गेट इत्यादि स्थानों में सीसीटीवी लगाना सुनिश्चत करें। इसे लेकर खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की कुल 22 स्थानों में 48 सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित किया गया है। जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स द्वारा जिले में कोयले के अवैध उत्खनन, चोरी एवं भण्डारण के विरूद्ध नियमित रूप से कार्रवाई कि जा रही है की जानकारी खनन पदाधिकारी द्वारा दी गई। साथ ही उनके द्वारा बताया गया की माह -नवंबर, 2022 से माह जनवरी, 2023 (दिनांक 15.01.2023 तक) की अवधि में अवैध कोयला चोरी एवं भण्डारण के विरूद्ध कुल 13 मामलो में स्थानीय थाना में 13 प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें संलिप्त 14 वाहन एवं 282.44 टन अवैध कोयला को जब्त कर 12 अभियुक्तों को गिरफतार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर दिनांक 02.01.2023 को अनुमण्डल स्तरीय खनन टास्क फोर्स के द्वारा छापामारी अभियान में पिपरवार थानान्तर्गत लुकईयॉ जंगल में अवैध कोयला खनन का मामला सत्य पाया गया। उक्त के आलोक में अवैध खनन के लिए उपयोग में होने वाले सभी रास्तों को जेसीबी के मदद से ट्रेन्च काट दी गई है एवं जिला खनन पदाधिकारी, चतरा द्वारा अवैध खननकर्ता के विरूद्ध पिपरवार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बैठक में उपायुक्त ने वाहनों में स्पीड कंट्रोल डिवाईस सड़क किनारे साईनेज बोर्ड वाहन चालक को सड़क सुरक्षा का नियमों का अक्षरशः अनुपालन हेतु प्रशिक्षण देने समेत दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश। वही 19 जनवरी से 25 जनवरी तक जिले भर में महा अभियान चला कर हो रहे अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की किसी भी परिस्थिति में अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण नहीं होना चाहिए। उक्त बैठक में पुलीस अधीक्षक राकेश रंजन, दक्षिणी वन प्रमण्डल पदाधिकारी एस. पी. सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, भूःअर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी अंचल अधिकारी समेत परियोजनाओं के संबंधित उपस्थित थे।

## हाथियों के झुंड ने फसल को किया बर्बाद



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के केवटा गाँव में बीते सोमवार की रात्रि हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। वहीं खेतों में लगे गेहूं, चना, सरसों, मटर, टमाटर, राई, आलू के फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। भुक्तभोगी किसान रामदेव साव, बंधु साव, द्वारका साव, राजेश साहू, पिंटू साहू, अशोक कुमार, सुबोध कुमार, शंभू महतो, झबर साव, खगेश्वर साव सहित अन्य किसानों ने हाथियों द्वारा किए गए क्षतिग्रस्त अपनी फसल का मुआवजा देने की मांग वन विभाग में आवेदन देकर की है।

## पुलिस ने दिखाया दरियादिली अस्पताल में तड़पते छात्र को एंबुलेश मुहैया कर सदर अस्पताल हजारीबाग कराया रेफर



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलेनो कार ने छात्र को टक्कर मार भाग रहे कार को ग्रामीणों ने अंबेडकर चौक पर घेर कर पकड़ लिया। घायल छात्र सदर थाना क्षेत्र के बेरियो गांव निवासी पूनम गंझू एवं दस वर्षीय छात्र सुबोध कुमार को बोलेनों कार ने अपने चपेट ले लिया था। सदर अस्पताल ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया।असहाय एव गरीब होने के कारण मजबूर पिता इलाज कराने से असमर्थ जताया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर नईम अंसारी, एसआई शशिकांत ठाकुर के अथक प्रयास से एंबुलेंस व्यवस्था करा कर हजारीबाग भेजा गया।

# शिक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** शिक्षा विभाग रांची की टीम ने प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। टीम में प्रमोद कुमार सिन्हा, दिनेश उपाध्याय और स्मिथा रावत शामिल थे। उन्होंने जबड़ा मध्य विद्यालय, दुंदुआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिमरिया, बुनियादी विद्यालय, बीआरसी सिमरिया आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मध्यान भोजन बच्चों की पोशाक उपलब्ध कराए गए किट वितरण, विद्यालय विकास अनुदान का उपयोग और शिशु पंजी संधारण आदि विषय में जांच पड़ताल की। उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की। टीम ने विद्यालय में अन्य समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली और इसके निराकरण का सुझाव दिया।

# स्टूडेंट परेशान नहीं बन रहा जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र 2 महीनों से हजारों प्रमाण पत्र पड़ा है पेंडिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** चतरा क्षेत्र पत्थलगड़ा लॉक के सभी कर्मचारी 2 मिहीने पहले हड़ताल पर थेऔर 14 नवंबर 2022 को इनका हड़ताल खत्म हुवा उस समय से राजस्व कर्मचारी से लेकर अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक इन सभी के लॉगिन में एक हजार से भी ज्यादा प्रमाण पत्र लॉगिन में रुके हुए है। 2 महीनों से स्टूडेंट आस लगाए बैठे है। कब सत्यापन होगा मेरा प्रमाण पत्र, क्योंकि किन्ही को स्कॉलर भरनी है तो किहीं को सरकारी जॉब के लिए प्रमाण पत्र जरूरी है चतरा जिले के सात ब्लॉक में पत्थलगड़ा इकलौता ब्लॉक है। जो अभी तक इतना प्रमाण पत्र पेंडिंग पड़े हुए हैं। इस पर प्रखंड के सभी पंचायत के प्रखंड के मुखिया, जिला परिषद्, प्रमुख, पंचायत, समिति सभी को संज्ञान में लेना चाहिए आखिर क्यों नहीं सत्यापन किया जा रहा है। स्टूडेंट का परेशानी देखा जाय।

## दुआरी गांव में अज्ञात चोरों द्वारा कई घरों चोरी, भुतभोगीयों ने कराया मामला दर्ज

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव में 16 जनवरी के देर रात अज्ञात चोरों के द्वारा चार घरों में लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर भाग गए। बताते चलें कि प्रदीप यादव पिता सूरज यादव के घर से 35000 नगद डेढ़ लाख रुपए की गहना जेवर कपड़ा व अन्य सामान ले भागे। निर्मल यादव के घर से गहना जेवर नगद बर्तन वगैरह ले भागे।डब्लू यादव उर्फ भोली यादव के घर से नगद 200000 एवं सोने चांदी गहना जेवर व अन्य सामान ले भागे। जगदेव यादव के घर से नगदी 20000 सोना चांदी जेवरात के ले भागे। मालूम हो कि लगभग चारों घरों से तकरीबन 6 से 7 लाख की संपत्ति अज्ञात चोरों ने उड़ा ले गए।

## सडक दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत, अन्य घायल

**मयुरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के करमा स्थित दनदहा घाटी के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। वहीं अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। दोनों युवक अपाची मोटरसाइकिल नंबर जेएच 02 बी ई 4996 पर सवार होकर हज़ारीबाग़ से इटखोरी जा रहे थे। जानकारी के अनुसार दनदहा घाटी में तीखे मोड होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगभग दस फीट नीचे दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिसमें 25 वर्षीय बब्लू केशरी पिता सुखदेव प्रसाद केशरी थाना क्षेत्र के हुसिया गाँव के युवक की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई। वही राहुल कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक को राहगीरों द्वारा एम्बुलेंस से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटना की सुचना पाकर प्रभारी थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह व अवर निरीक्षक श्रीराम पंडित घटना स्थल पहुंच मृतक का शव अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया।बताते चले कि दनदहा घाटी में तिखा मोड होने के कारण अबतक लगभग दर्जनो युवकों की मौत हो चुकी है।दुर्घटना से बचाव को लेकर प्रखंड वासियों ने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से डाईवर्सन बनवाने की मांग वर्षों से करते आ रहे हैं पर किसी के कान पर जु तक नहीं रेंग पाया है।

## सांसद खेल स्पर्धा नेतरहाट में गिद्धौर से 15 खिलाड़ी होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार जिले के नेतरहाट में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है।18 जनवरी से 20 जनवरी तक चलने वाले सांसद खेल स्पर्धा में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल के सभी आदरणीय नेतागण सम्मानित कार्यकर्ता गण के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल समेत सभी गिद्धौर प्रखंड के जनप्रतिनिधि गण प्रखंड के सभी सम्मानित पत्रकार गण सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधि, प्रतियोगिता के लिए चयनित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों व प्रधानाध्यापक समेत गणमान्य लोगों को आमंत्रण पत्र दिया गया। मण्डल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा बबलू कुमार साव विकास कुमार आदि के द्वारा उक्त सभी को आमंत्रण पत्र देकर चतरा लोकसभा एथलेटिक्स मीट नेतरहाट में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए त्वरित गति से मामले का निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन से संबंधित मामले, आवास, राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। मौके पर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को समय समय पर अंचल दिवस एवं थाना दिवस का आयोजन कर मामले का निष्पादन अंचल स्तर पर करने का निर्देश दिया।बताते चले की सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।

## गणतंत्र दिवस मनाने एवं झंडोत्तोलन को ले प्रखंड सचिवालय में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय सभागार में गणतंत्र दिवस मनाने एवं झंडोत्तोलन करने को लेकर मंगलवार को बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में समय सारणी को लेकर चर्चा की गई। जिसमें प्रखंड कार्यालय में 9:00 बजे सिंगल विंडो में 9:20 बजे थाना परिसर में 9:30 बजे पंचायत सचिवालय गिद्धौर एवं सभी पंचायत सचिवालय में 9:30 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 9:45 बजे प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर10:00 बजे कस्तूरबा उच्च विद्यालय में 10:15 बजे समय निर्धारित की गई है। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल बीपीओ अजय कुमार सिन्हा जेएसएलपीएस बीपीएम अभिषेक कुमार प्लस टू गंगा स्मारक के प्रधानाध्यापक बृजेश सिंह कस्तूरबा विद्यालय वार्डन रेनू कुमारी पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा महेश मिस्त्री उज्जवल कुमार एवं अन्य विभाग के लोग उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा सीएसपी बैंक का किया गया उद्घाटन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मैन चौक झारखंड राज ग्रामीण बैंक के समीप बैंक ऑफ बड़ौदा सीएसपी बैंक का उद्घाटन मंगलवार 17 जनवरी को जिला अध्यक्ष ममता कुमारी एवं उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काटकर के किया। बैंक संचालक संतोष कुमार दांगी ने बताया कि अब बैंक ऑफ बड़ौदा में जनधन से संबंधित खाता खुलवा कर तुरंत खाता नंबर ग्राहक पा सकते हैं। अब किसी भी प्रकार की बैंक से संबंधित समस्या का समाधान ग्राहकों को नहीं करना पड़ेगा। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# सांसद खेल स्पर्धा का 18 जनवरी से होगा नेतरहाट में होगा आगाज

## ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे लेंगे भाग इस खेल में : अभिषेक केसरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 18 जनवरी से 20 जनवरी तक होगा।कार्यक्रम का आयोजन नेतरहाट में होगा। सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देशानुसार कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक सह भारतीय जनता युवा मोर्चा चतरा के जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के द्वारा चतरा ग्रामीण मे प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया गया। प्रेस मीडिया के बंधुओं को संबोधित करते हुए केसरी ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव कुमार सिंह- द्रोणाचार्य पुरस्कार से पुरस्कृत, पूर्णिमा महतो- भारतीय तीरंदाज रजत पदक, ज्योति सुरेखा- विश्व चैंपियन में तीन बार रजत पदक विजेता, हरभजन सिंह- बास्केटबॉल खिलाड़ी, बुधवा उरांव- अंतरराष्ट्रीय धावक सभी उपस्थित रहेंगे ।सांसद खेल स्पर्धा निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक सराहनीय कदम है इस पहल को चतरा लोक सभा सांसद सुनील कुमार सिंह साकार करने में जी-जान से लगे हुए हैं खेल स्पर्धा को पूर्ण रूप से सफल बनाने में सांसद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र के युवा वर्ग को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक बेहतर मौका मिलेगा।ताकि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चे राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सके और अपने गांव समाज का नाम रोशन कर सकें प्रतियोगिता में प्रतिभागी भाला फेंक, गोला फेक, लंबी कूद, ऊंची कूद,100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर की दौड़ रिले रेस जैसे अन्य खेल मे भाग लेंगे एवं अपनी प्रतिभा को निखारेंगे। इस खेल में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के बच्चे शामिल होंगे इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा खिलाड़ियों के लिए बस की व्यवस्था की गई है तथा भोजन एवं आवासन की समुचित व्यवस्था नेतरहाट में किया गया है प्रेस कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चतरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, चतरा ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि विनोद सिंह, भाजपा जिला मंत्री शिवबालक सिंह, सांसद प्रतिनिधि, केदार दांगी, धर्मनाथ ठाकुर, सुबोध सिंह, दुलारचंद साहू उपस्थित रहे।

# पंसस की बैठक में संचालित योजनाओं का लिया गया जायजा दिए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की संयुक्त अध्यक्षता में पंसस की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कई विभाग के अधिकारी व कर्मियों के साथ सभी पंचायतों के पंसस की उपस्थिति रही। वहीं बैठक में अनुपस्थित वन विभाग और भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों पर प्रमुख सुशीला देवी के द्वारा नाराज़गी जताई गई और इसकी शिकायत जिले के उपायुक्त से करने की बात कही गई। जहां सदन के पिछले बैठक में सदन के द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर अनुपालन की प्रति सदन को उपलब्ध कराई गई। जहां सदन के द्वारा बिजली विभाग से खराब तार की मरम्मती करने और डबल कनेक्शन से उपभोक्ताओं की परेशानियों से राहत दिलाने की बात



पर विभाग के द्वारा बताया गया कि खराब तार की मरम्मती के लिए प्राक्कलन बनाकर जिला को भेज दिया गया है और डबल कनेक्शन उपभोक्ता का एक कनेक्शन काट दिए जाएंगे।उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल के द्वारा बताया गया कि प्रज्ञा केंद्र संचालक के द्वारा खाता खोलने में अधिक पैसा लिया जाता है इस पर संबंधित बैंक प्रबंधक को सदन के द्वारा सख्त आदेश दिया गया कि वैसे सीएसपी पर अंकुश लगाएं। बीडीओ राकेश सहाय ने प्रत्येक स्कूलों के दस वर्ष के उपर बच्चों को नेत्र जांच करने का आग्रह किया है। वहीं प्रमुख द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा पेशेंट से दुर्व्यवहार करते हैं इसपर सीएचसी प्रभारी को आदेश दिया गया कि ऐसे मामले पर कर्मियों को चिन्हित कर उचित कार्रवाई करें।उप प्रमुख के द्वारा सीएचसी प्रभारी से रोस्टर से संबंधित जानकारी की मांग सदन से की गई है। वहीं पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता को निर्देश दिया गया है कि प्रखंड के जितने भी जलमिनार खराब हैं उसे मरम्मती कराएं साथ ही ग्राम पंचायत के जलमिनार को भी दुरुस्त करें। इसके अलावा हर घर नल जल योजना अंतर्गत शतप्रतिशत घरों को अच्छादित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं बीडीओ ने सभी सीआरपी को अपने अपने स्कूल क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया है । वहीं बीईईओ के द्वारा सदन को बताया गया कि पोशाक की राशि बच्चों के खाते में भेज दिया जा रहा है ।उप प्रमुख ने सदन के माध्यम से विद्यालय डेवलपमेंट फंड की उपलब्धता प्रमाण पत्र की मांग बीईईओ से की गई है। इसके अलावा अन्य विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई। मौके पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण एवं प्रखंड कर्मी मौजूद रहे।

## चलते चलते एक नजर

### केबलिंग के नाम पर शहर में किये गये सभी गड्ढे को जल्द भरे : डिप्टी मेयर



**रांची :** डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने मंगलवार को विद्युत आपूर्ति विभाग और विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। डिप्टी मेयर ने कहा कि शहर में विद्युत आपूर्ति विभाग की ओर से चलाये जा रहे अंडर ग्राउंड केबलिंग की वजह से सड़क में गड्ढे किये गये हैं। काम पूरा होने के बाद भी गड्ढा को नहीं भरा गया है। उन्होंने कहा कि शहर में जितने भी अंडर ग्राउंड केबलिंग की वजह गड्ढे किये गये है, उसे जल्द से जल्द भरा जाये। उप महापौर ने कहा कि केबलिंग का कार्य करने से पहले उक्त स्थल के चारो तरफ बैरिकेडिंग करा कर कंपनी का बोर्ड लगाया जाए, जिससे अन्य विभागों सहित स्थानीय लोगों को मालूम हो सकें कि किस कंपनी के द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है। इससे कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कार्य कराने वाली कंपनी से सीधा सम्पर्क स्थापित किया जा सके। साथ ही संबंधित सभी कंपनियों को सात दिन के अन्दर कार्य करा कर गड्ढा ढकते हुए पूर्व की स्थिति में किया जाना और जब तक गड्ढा को ना भरा जाए, तब तक बैरिकेडिंग रखने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### एचईसी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने सांसद संजय सेठ को सौंपा ज्ञापन



**रांची :** एचईसी को बचाने के लिए एचईसी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सांसद प्रतिनिधि विनय जायसवाल के नेतृत्व में सांसद संजय सेठ के आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एचईसी के वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। इसमें मूल रूप से एचईसी को सुचारू रूप से चलाने के लिए और 14 माह का बकाया वेतन देने की मांग की गयी है। यूनियनों ने बारी-बारी से अपनी बातों को सांसद के समक्ष रखा और केंद्र से सहयोग की मांग की। मौके पर सांसद ने कहा कि संयुक्त मोर्चा को पूरा सहयोग करेंगे, भारी उद्योग मंत्री से फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में समय लेकर सभी यूनियनों से दो- दो प्रतिनिधि के अलावा अधिकारियों से दो प्रतिनिधि के साथ बैठक करवाने की बात कही।

# स्व. मनी बाबू को भुलाया नहीं जा सकता: महापौर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर ने बोर्ड द्वारा पारित वेटरनरी हॉस्पिटल चौक का नामकरण स्वर्गीय अनिल कुमार सिन्हा उर्फ मनी बाबू के नाम करते हुए कहा कि मृदुभाषी व्यक्तित्व के मालिक मनी बाबू को हम सब पूरा मोहल्ला मनी भैया के नाम से पुकारा करते थे। वे हम सबों को हमेशा भाई का स्नेह जीवन भर देते रहे।

मुझे याद है कि मोहल्ले में किसी के यहां कोई भी दिक्कत या कष्ट हुआ करता था तो वह स्वयं अपने चंद कमाई से यथासंभव मदद किया करते थे।

जिसकी जानकारी हम सबको बाद में होती थी। मनी भैया की याद में इस चौक का नाम कर मैं व मेरे भाई उप महापौर मंगल सिंह एवं प्रदीप अकेला गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

महापौर ने कहा कि समाज ऐसे सामाजिक शख्सियत को हमेशा याद रखे। इसी उद्देश्य से कई रोडो का नामकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वर्गीय अनिल कुमार सिन्हा के बेटे एवं परिवार के सदस्य मनोज कुमार सिन्हा, विवेक कुमार सिन्हा, मोनिका सिन्हा, अनीता सिन्हा, सुशील प्रकाश के अलावे संजय सिंह, रवि सिंह, प्रभाकर जी, सतीश जी, संजय श्रीवास्तव, अर्जुन जी, मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, फिरोजउद्दीन अंसारी तथा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सभी लोगों ने पुराने लोगों की याद में मार्ग, चौक चौराहा का नामकरण महापौर द्वारा किया जाने को काफी सराहा।

# 12 फरवरी को मिलेगा झारखंड का नया डीजीपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यूपीएससी ने राज्य के डीजीपी पद के लिए तीन वरिष्ठ अफसरों के नाम का पैनल के लिए भेजा है।

इनमें से किसी एक को 12 फरवरी तक डीजीपी पद पर नियुक्त कर लिया जाएगा।सरकार के जवाब के बाद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौजूदा डीजीपी नीरज सिन्हा के खिलाफ दायर अवमानना याचिका निष्पादित कर दी।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई अवमानना याचिका में आरोप लगाया गया था कि डीजीपी नीरज सिन्हा 31 जनवरी 2022 को रिटायर होने के बाद भी पद पर बने हुए हैं। पूर्व में इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार, यूपीएससी और मौजूदा डीजीपी नीरज सिन्हा को नोटिस जारी किया था।

### नीरज सिन्हा 11 फरवरी को होंगे रिटायर

यूपीएससी ने अदालत को बताया था कि राज्य सरकार की ओर से नए डीजीपी के लिए भेजे गए प्रस्ताव में खामियां हैं। इसे दूर करने के लिए कहा गया है। इसके बाद राज्य सरकार ने यूपीएससी को संशोधित प्रस्ताव भेजा था। यूपीएससी ने तीन अफसरों के नाम का पैनल सरकार को भेजा गया है। उम्मीद है कि अजय सिंह को डीजीपी नियुक्त किया जा सकता है।

# घर में मीटर लगाने के बाद बिजली बिल हो जाएगी फ्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। बिजली मुफ्त देने की योजना लागू होने के बाद लाखों ग्रामीण क्षेत्रों को इसका लाभ मिल चुका है। तीन महीने से ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लाखों उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य आ रहा है। इसमें उपभोक्ताओं की सूझ-बूझ एक बड़ी भूमिका निभा रही है। विभाग द्वारा बताया गया कि अगर उपभोक्ता बिजली का सही उपयोग करे, तो जीवन भर बिजली मुफ्त मिल सकती है।

**गांवों में लोगों का बिजली बिल आ रहा शून्य:** विभाग के जीएम पीके श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे घर होते है और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की खपत भी कम होती है। वैसे में अधिकांश उपभोक्ता 100 यूनिट बिजली खर्च नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य आ रहा है। अगर उपभोक्ता 100 यूनिट बिजली से कम की खपत करता है तो जीवनभर के लिए बिजली मुफ्त हो जाएगी।

**फिक्सड चार्ज वाले उपभोक्ताओं को ऐसे बनाया जा रहा जागरूक:** बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में फिक्सड चार्जेस वाले उपभोक्ताओं को मीटर लगाने की अपील कर रहा है। विभाग इसके लिए कार्टून बनाकर उपभोक्ताओं को जागरूक कर रहा है। विभाग की मानें तो ऐसे उपभोक्ता जो बगैर मीटर के बिजली उपभोग करते हैं और एक तय राशि निगम को देते हैं, वे मीटर के जरिये सौ यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ ले सकते हैं। उन्हें बिजली जलाने के लिए पैसे देने नहीं पड़ेंगे। इस दिशा में विभाग तेजी से जागरूकता अभियान चला रही है।

**क्या कहते अधिकारी:** बिजली विभाग रांची जोन के महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 100 यूनिट का लाभ शहरी क्षेत्रों में रहे रहे लोग आसानी से ले रहे है। पर इस योजना का असली हकदार ग्रामीण जनता है। ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे उपभोक्ता मीटर लगाकर 100 यूनिट बिजली मुफ्त का लाभ ले सकते हैं।

# यातायात नियमों का पालन सुरक्षा की गारंटी : प्राचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा यातायात नियमों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने और अंततः सड़क दुर्घटनाओं के कारण हताहतों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से शुरू किया गया। ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज के इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अनुपमा गुप्ता एवं सभी शिक्षक अविनाश सिन्हा, माया त्रिपाठी अंजना दुबे, रेखा सिंह,आकांक्षा तिवारी,प्रिया सिंह, विकास तिवारी और अन्य प्रशिक्षु छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया। यथा नियंत्रित गति में वाहन चलाएं। शराब पीकर वाहन न चलाएं।

आपका भविष्य आपके हाथ में।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा

हेलमेट हमेशा लगाए।जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाए।

यातायात के नियमों का पालन करें।

जैसे स्लोगन के साथ कॉलेज के परिसर के बाहर सभी प्रशिक्षु छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा पहल कर बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों को रोककर एक-एक गुलाब का फूल देकर हेलमेट लगाने के लिए गुजारिश की गई। साथ ही वाहनों को रोककर वाहन के चालकों को सीट बेल्ट लगाने एवं यातायात के नियमों का पालन करने की गुजारिश की गई।

### भक्ति जागरण का उद्घाटन पर्यावरणविद ने कपूर व आम का पौधा लगा कर किया

# वन को बचाना हम सबका दायित्व: कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाना के समीप नवनिर्मित कोयल कम्युनिटी हॉल परिसर में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने हिमाचल के कपूर और थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा लगाकर शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा लगाते हुए पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। उन्होंने भगवान सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण होने पर भारतवर्ष के उजाले में वृद्धि के प्रतीक पर्व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोयल कम्युनिटी हॉल का उद्घाटन में छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल को शिरकत करना था। लेकिन वे अपनी अस्वस्थता के कारण इस समारोह में शामिल नहीं हो सके। जिसके लिए उन्होंने खेद प्रकट किया है। उन्होंने आगे कहा कि युवा, कला,संस्कृति,वन,पर्यावरण के अंग और राष्ट की धरोहर है इनकी हिफाजत करना सबकी दायित्व है।

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ के कारण धरती के तापमान तेजी से बढ़ रहा है। जिसके कारण ही प्राकृतिक आपदाएं उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बलपूर्वक कहा कि अगर लोग समय रहते सचेत नहीं हुए तो वह दिन दूर नहीं होगा जब लोगों को गर्मी के दिनों में घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा और रात्रि में ऑफिस और विद्यालय जाने की नौबत उतपन्न हो जाएगी। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर ने कहा कि ऐसी भयावह प्राकृतिक आपदा से अपने और आने वाले पीढ़ी को बचाना है तो लोग अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों का भी अनुसरण करें। वरना पलामू प्रमंडल के लोगों को गर्मी के दिनों में क्षेत्र छोड़कर हिमालय की शरण लेने के सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं बचेगा। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि शिव के समान वृक्ष होते हैं जो देते हैं उसे देवता कहा जाता है। वृक्ष धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनि जीवों को जीने के लिए ऑक्सीजन समेत कई उपकार करते हैं। पौधारोपण में शामिल व भक्ति जागरण के आयोजक छतरपुर नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अशोक कुमार सोनी, सुधीर कुमार सिन्हा चर्चित व्यास शिवनाथ कुमार रवि, और उनके सहयोगी समेत, अनिल कुमार सिंह, पूर्व मुखिया कंचनपुर वासुदेव पासवान, वार्ड सदस्य,पन्नू यादव, निरंजन यादव,गाड इंद्रदेव यादव,कमलेश सिंह, संतोष सिंह, राकेश चंद्रवंशी, सनी सिंह समेत कई गणमान्य लोग उद्घाटन समारोह में शामिल थे।

### प्रदेश भाजपा नेताओं ने जेपी नड्डा को दी बधाई

**रांची :** भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद समीर उरांव और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई देते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि आपके नेतृत्व में भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव दो तिहाई बहुमत से जीतेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फिर से मजबूत सरकार बनेगी। बाबूलाल मरांडी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई देते हुए कहा कि नड्डा के नेतृत्व में भाजपा देश में और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पूर्व इसी वर्ष नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव भी पार्टी जीतेगी और राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बनेंगी।

# वीर सेनानियों की है झारखंड के धरती : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहीद स्थल जिला स्कूल के समीप पर पाण्डेय गणपत राय की 214 वी जयन्ती पर सामाजिक वैचारिक मंच रांची रिवोल्ट जनमंच के तत्वावधान में आयोजित हुई।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा है कि, झारखण्ड की धरती वीर सेनानियों की है और देश के प्रति समर्पित प्रत्येक शहीद की जगह हम सभी के दिलों में है और उन्हीं के बताये हुए रास्ते पर हम हमेशा से चलते रहे हैं और चलते रहेंगे.

तिर्की ने कहा कि देश की आजादी में पाण्डेय गणपत राय का अतुलनीय एवं अद्भुत योगदान है और उन्होंने न केवल अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान दिया बल्कि सभी को इसके लिए प्रेरित भी किया. उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार आम लोगों के प्रति पूरी तरीके से समर्पित है और खुशी इस बात की भी है कि शहीदों के बताये मार्ग पर सरकार निरंतर गतिशील है.इस अवसर पर अपने संबोधन में रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि, रांची रिवोल्ट जनमंच का यह प्रयास है कि शहीदों के बताये रास्ते को सकारात्मक रूप में जमीनी स्तर पर कार्यान्वित किया जाये और आम लोगों की विचारधारा को उसके अनुरूप बनाया जाये ताकि सभी का संतुलित और तेज गति से विकास हो.

इस अवसर पर अपने संबोधन में झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा के केंद्रीय संयोजक प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि मौलिक रूप से झारखण्ड के सभी लोगों के हृदय में देशहित सबसे ऊपर रहा है.

आज के समारोह में रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ.प्रणव कुमार बब्बू, प्रवीण प्रभाकर, जय प्रकाश गुप्ता,अभिषेक कुमार मिंकू,वंदना उपाध्याय, शेखर सहाय, राजीव रंजन सिन्हा, मधु सिंह, सुजाता भगत, सोनी पांडेय,विजय दत्त पिंटू, संतोष दीपक,सूर्य विकाश मिंज, सुनिल टोप्पो, सूरज कुमार, जयदीप सहित अनेक लोगों ने सम्बोधित किया.

# हेमंत सरकार का 1932 खतियान पॉलिटिकल स्टंट : अशोक चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के झारखंड के प्रभारी और बिहार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि 1932 के खतियान हेमंत सोरेन सरकार का महज एक पॉलिटिकल स्टंट है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार 1932 के खतियान पर जो कुछ कर रही है, वह सतही है। चौधरी मंगलवार को मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में 40 से अधिक सीटों पर चुनाव जदयू ने लड़ा था।

पर जनता से अपेक्षित भरोसा नहीं मिल सका। पार्टी का स्वरूप संतोषजनक नहीं रहने के कारण ऐसा हुआ। अब पार्टी संगठन को मजबूत किया जा रहा है। खीरू महतो के नेतृत्व में पार्टी अगले छह माह में नये स्वरूप में दिखेगी।मंगलवार को पार्टी पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में इस पर गंभीर चर्चा हुई है कि कैसे पार्टी को आने वाले समय में और मजबूत किया जाये। इसके लिए सभी प्रमंडलों में रैलियां होंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में एक लाख सक्रिय सदस्य बनायेगी। झारखंड में जदयू हर जिले में रथ यात्रा भी निकालेगी। उन्होंने कहा कि बिहार की तरह झारखंड में भी शराबबंदी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी सामाजिक बुराई है। विधवा विवाह, सती प्रथा जैसी बुराइयों के खिलाफ जिस तरह से महापुरुषों ने लड़ाईयां लड़ीं, शराबबंदी को लेकर भी ऐसा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने झारखंड में भी जातीय गणना कराये जाने की मांग की। झारखंड सरकार को भी इसके लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी सहित अन्य नेता मौजूद थे।

### अब झारखंड मंत्रालय में दीदियों के हाथों से बने भोजन का स्वाद लेंगे अधिकारी

**रांची :** अब झारखंड मंत्रालय में दीदियों के हाथों से बना भोजन का स्वाद अधिकारी लेंगे। राज्य सरकार के निर्देश पर एफएफपी बिल्डिंग, धुर्वा स्थित मंत्रालय परिसर में दीदी किचन कैंटीन खोले जाने की तैयारी है। भवन निर्माण विभाग, झारखंड (सर्किल-2, रांची) ने इस बिल्डिंग में कैंटीन के निर्माण की कवायद शुरू की है। इस कैंटीन के निर्माण पर 54 लाख 9 हजार रुपये से अधिक राशि के खर्च होने का अनुमान है। भवन निर्माण विभाग केवल सिविल वर्क का कार्य करायेगा। इसके संचालन की प्रक्रिया समाज कल्याण विभाग, झारखंड के स्तर से ही करायी जायेगी। भवन निर्माण विभाग दीदी किचन कैंटीन के निर्माण के लिए टेंडर जारी करेगा। वेबसाइट पर 21 जनवरी को इसे जारी किया जायेगा। एक सप्ताह के भीतर 27 जनवरी तक आवेदन जमा करने का मौका योग्य एजेंसियों को मिलेगा।

# आत्मविश्वास बढ़ाता है बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण : अविनाश देव

### संत मरियम विद्यालय के बच्चों ने नव वर्ष के अवसर पर किया देश का भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मेदिनीनगर का प्रतिष्ठित संत मरियम स्कूल के छात्र व छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर राजगीर तथा नालंदा पहुंचे। जहां उन्होंने शैक्षणिक, ऐतिहासिक और धार्मिक जानकारी ली। बच्चों ने म्यूजियम में इतिहास की जानकारी जुटाई।जहां धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया।वही शैक्षणिक जानकारियां भी हासिल की। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान एक साथ भोज का भी जमकर लुत्फ बच्चों ने उठाया। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव स्वयं उपस्थित थे। इस शैक्षणिक भ्रमण में चेयरमैन अविनाश देव ने स्कूल से जुड़े शिक्षक शिक्षिकाएं स्कूली बच्चों को कई महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कराया और उसके बारे में जानकारी दी। जिससे बच्चों को बहुत ही बेहतर जानकारियां हासिल हुई जो उनके भविष्य में काम आएगा। शैक्षणिक यात्रा में बच्चों के लिए सुखद संजोग यह रहा कि बच्चे दशरथ मांझी के अथक परिश्रम के द्वारा पहाड़ में बने रास्तों को देखने पहुंचे। वहां उनकी मुलाकात उनके बेटे भागीरथ मांझी से हुई। स्कूल की पूरी टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर सभी बच्चों को सम्बोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि एक साधारण व्यक्ति भी जब किसी कार्य को करने को ठान लेता है तो उसके जिंद के आगे सारी मुश्किलें पस्त हो जाती है और वह उस कार्य को पूरा कर ही देता है। लगातार कई वर्षों तक पहाड़ को काटते-काटते आखिरकार दशरथ मांझी ने रास्ता बना ही दिया।उस वक्तव्य को सही साबित किया कि जब तक तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं। विश्व के कोने-कोने से लोग यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे और अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते थे। फाहियान ह्वेनसांग जैसे विदेशी यहां शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। विश्वविद्यालय के व्यापकता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके कैंपस में रखी पुस्तकों को जलने में लगभग 6 माह से अधिक का समय लग गया था। पूरे यात्रा पर अपना मंतव्य देते हुए वर्ग दसवीं का विद्यार्थी सुशील कुमार ने बताया कि बोधगया जैसे पावन स्थलों पर जाने के पश्चात हमने जाना कि करोड़पति इंसान भी आम जनमानस की तरह जीवन यापन कर रहा है। पैसे का कोई घमंड नहीं है यहां लोग द्वेष, ईर्ष्या ,प्रपंच ,झूठ से कोसों दूर है।

बच्चों ने स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य तथा सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। जिनके कुशल निर्देशन में इस यात्रा का लाभ उन्हें मिला।